बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार




संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 140 | बुधवार 11 सितम्बर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## 『सुविचार』





## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में बड़ा फेरबदल करेगी कांग्रेस! तैयार हो रहा सभी का रिपोर्ट कार्ड




**एजेंसी लखनऊ।** कांग्रेस आने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अपने संगठन को पूरी तरह से सक्रिय करने के प्रयास में जुटी है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पदाधिकारियों की सक्रियता परखने के साथ ही जल्द उनमें बदलाव की भी तैयारी है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे की इस माह 15 सितंबर के बाद प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक भी प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि इसके बाद जिला व शहर अध्यक्षों में बड़ा फेरबदल हो सकता है। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश प्रभारी ने सभी लोकसभा सीटों का दौरा किया था और जिला व शहर कांग्रेस कमेटियों को सक्रिय किए जाने का निर्देश दिया था। प्रदेश अध्यक्ष्र अजय राय ने इसके बाद सभी फ्रंटल संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों की मासिक समीक्षा बैठकों के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की थी।

# यूपी में 69 हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला




**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती के मामले में नये सिरे से चयन सूची तैयार करने के हाई कोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लग गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी करते हुए अंतरिम आदेश में नये सिरे से लिस्ट तैयार करने को फिलहाल टाले रखने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी। ये आदेश प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोमवार को सामान्य वर्ग के चयनित अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिये। चयनित अभ्यर्थियों की तरफ से रवि सक्सेना समेत 52 अभ्यर्थियों ने याचिका दाखिल कर हाईकोर्ट की -खंडपीठ के फैसले को रद्द करने की मांग की है। इसके अलावा एक याचिका रोविन व्सह व अन्य की ओर से भी दाखिल की गई है।

## पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने थरूर के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाई।



**पीटीआई, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी को लेकर 'शिवलिंग पर बिच्छू' वाले बयान पर शशि थरूर को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। थरूर के खिलाफ निचली अदालत में अवमानना की कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगाई है। जस्टिस हृषिकेश रॉय और आर महादेवन की पीठ ने मामले में दिल्ली सरकार और शिकायतकर्ता भाजपा नेता राजीव बब्बर को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने चार सप्ताह में नोटिस का जवाब मांगा है। थरूर ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें 29 अगस्त को उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था।

## बिहार में बिजली चोरों पर ताबड़तोड़ एक्शन !



**एजेंसी, पटना।** स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के तर्क पर जोर देते हुए बिजली कंपनी के पास यह आंकड़ा है कि अब भी बिजली चुराने वाले खूब सक्रिय हैं। इसे पर अंकुश का उपाय है स्मार्ट प्रीपेड मीटर। इस वर्ष अप्रैल से लेकर अगस्त तक का साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड का यह आंकड़ा है कि 13,195 प्राथमिकी बिजली चोरी की दर्ज की गयी।

## अब भारत को नहीं होगी कच्चे तेल की टेंशन!



- ऊर्जा के क्षेत्र में दोनों देशों ने किए अहम समझौते।
- आठ सितंबर को नई दिल्ली पहुंचे क्राउन प्रिंस।
- मंत्री पीयूष गोयल ने गर्मजोशी से किया स्वागत।

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अपनी पहली भारत यात्रा के दौरान बड़ी सौगात दी है। दोनों देशों ने ऊर्जा सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया है। इस दौरान भारत और संयुक्त अरब अमीरात (वअए) ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान क्राउन प्रिंस ने रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने जोर दिया।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939

## नोएडा उत्तरप्रदेश के पुलिस अधिकारी हुए सम्मानिता



**संस्कार उजाला नोएडा**
समग्र परिवर्तन ट्रस्ट के पुलिस सम्मान कार्यक्रम की कड़ी में आज के सम्मानित सब इंस्पेटर ओम नारायण त्रिपाठी (दरोगा जी) थाना सेक्टर 63 पुलिस चौकी बहलोलपुर नोएडा में तैनात है। जो आपनी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के कारण जनमानस के बीच चर्चा में रहते है। एक साधारण परिवार व सीमित आय होने पर भी वो अनेक गरीब लोगों व वेसहारा लोगों की मदद करते रहते हैं। वह हमेशा आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका शीघ्र निवारण करने की कोशिश करते हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश पुलिस देश की नंबर वन पुलिस मानी जाती है। जब से पुलिस कमीश्नर नोएडा की कमान श्रीमति लक्ष्मी सिंह (IPS) है जी ने सम्भाली है और इनके काबिल अफसरो की टीम बबलू कुमार ( IPS), शिवहरी मीणा ( IPS), श्रीमति सुमिति सिंह ( IPS), रामवदन सिंह ( IPS),DCP सेन्ट्रल नोएडा श्री शक्ति मोहन अवस्थी (IPS) जैसे अधिकारियों को लेकर आम जनमानस में पुलिस के प्रति ईमानदारी व भयमुक्त, माहौल बना हुआ है। जिससे अपराधों में भी कमी है। समग्र परिवर्तन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष PS तौमर जी, RWA नोएडा के अध्यक्ष NP सिंह व संस्कार उजाला के प्रबंध संपादक महेश शर्मा जी ने (SI) श्री ओमनारायण त्रिपाठी जी को सम्मानित किया व जन सेवा के कार्यों व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र की जनता की ओर से दरोगा जी को वधाईयों दी गई।

## दिग्गज इखढ नेता के बेटे की ऑडी कार ने कई गाड़ियों को मारी टक्कर....



**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे की तेज रफ्तार लग्जरी ऑडी कार ने नागपुर के रामदासपेठ इलाके में कथित तौर पर कई वाहनों को टक्कर मार दी। अब इस पर चंद्रशेखर बावनकुले का बयान सामने आया है। महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर ने कहा कि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा,

## SC की डेडलाइन के बाद भी खत्म नहीं हुई हड़ताल




**एजेंसी, नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले में डॉक्टरों की हड़ताल अभी भी जारी है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को मंगलवार शाम पांच बजे तक डेडलाइन दी थी, डॉक्टरों से काम पर लौटने को कहा गया था। हालांकि, डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल खत्म नहीं की।सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही वे आंदोलन और तेज करने जा रहे हैं। डॉक्टरों ने मंगलवार दोपहर स्वास्थ्य सचिव व स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक के इस्तीफे की मांग को लेकर स्वास्थ्य भवन तक मार्च निकाला। डॉक्टरों ने साफ तौर पर कहा है कि जब तक मृतका के परिवार को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## कोलकाता की घटना से लेकर पोस्टमार्टम तक पर सवाल, SC



**नई दिल्ली।** कोलकाता में डॉक्टर से दरिंदगी मामले में बंगाल सरकार और पुलिस घिरती नजर आ रही है। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई में घटना से लेकर पोस्टमार्टम तक पर सवाल उठे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का चालान फार्म नहीं होने पर सवाल उठाते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर यह दस्तावेज गायब है तो कुछ गड़बड़ है। कोर्ट ने कोलकाता पुलिस को अगली तारीख पर इसे पेश करने का निर्देश दिया। एफआइआर दर्ज करने में 14 घंटे की देरी, पोस्टमार्टम की टाइमिंग, सीबीआइ को सिर्फ 27 मिनट का सीसीटीवी फुटेज देने का मुद्दा भी उठा जो राज्य सरकार और पुलिस को सवालों में घेरता दिखता है।

## शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश में भारत की चार परियोजनाओं का क्या होगा?



**पीटीआई, ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के एक शीर्ष सलाहकार ने मंगलवार को कहा कि भारत द्वारा वित्तपोषित परियोजनाएं काफी महत्वपूर्ण हैं और देश में नए प्रशासन के तहत भी ये जारी रहेंगी। उन्होंने भारत के साथ सहयोग और संबंध प्रगाढ़ करने की उम्मीद भी जताई है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के अनुसार, वित्त सलाहकार सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि वह बांग्लादेश यहां भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा के साथ अपनी बैठक के दौरान भारत के साथ सहयोग बढ़ाने की आशा करते हैं।

## अमित शाह और अजीत पवार की गुप्त बैठक में क्या हुई बातचीत?

- ☛चुनावों को लेकर विपक्षी एमवीए के बाद अब महायुति भी एक्टिव हो गई है।
- ☛महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार और अमित शाह ने चुनावों पर की बैठक।



**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विपक्षी एमवीए के बाद अब महायुति भी एक्टिव हो गई है। हाल ही में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुप्त बैठक की, जिसके बाद सियासी गलियारों में कई कयास लगने लगे। अमित शाह से मुलाकात के बाद अजित पवार ने कहा कि गृह मंत्री गणपति दर्शन के लिए मुंबई आए थे और उन्होंने महायुति के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत की। अजित पवार ने कहा कि हम सभी 288 सीटों पर चर्चा करने के लिए एक साथ बैठेंगे।

# जम्मू-कश्मीर पर रक्षामंत्री का दूरगामी सन्देश



ललित गर्ग

**जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा।**



जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार को एक नई करवट देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ऐसी बातें कहीं है जो घाटी के लोगों के दिलों को छूने वाली होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है एवं गुलाम कश्मीर के लोगों के प्रति सहानुभूति एवं आत्मीयता दशार्ने वाली है। एक दिन पहले करगिल युद्ध को लेकर पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने वो बात कुबूल कर ली, जो अब तक सारे पाकिस्तानी जनरल पूरी दुनिया से छिपाते रहे। आसिम मुनीर ने साफ-साफ कहा कि कारगिल जंग में पाकिस्तानी सेना का हाथ था। उनके सैनिकों ने शहादत दी है। इसके अगले ही दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जम्मू-कश्मीर की धरती से ये ऐलान कि अगर पाकिस्तान आतंक छोड़ दे तो उसके साथ बातचीत हो सकती है। यह बयान बहुत कुछ कहता है एवं इसके कई दूरगामी राजनीतिक दृष्टिकोण है। पाकिस्तान समझ चुका है कि कश्मीर में अब उसका कुछ नहीं बचा। रही सही कसर, जम्मू-कश्मीर में हो रहे चुनावों में लोगों की जोरदार भागीदारी ने पूरी कर दी। उसकी सारी उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है, ऐसे में वह हकीकत स्वीकार करता नजर आ रहा है। रक्षामंत्री की कही बातों में पाकिस्तान सरकार को सीधा सन्देश दिया गया है। निश्चित ही राजनाथ सिंह के बयान एक अनुभवी एवं कद्दावर नेता के रणनीतिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े बयान है, जिनकी प्रतिक्रिया दोनों ही देशों में होने के साथ ही चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे राजनीतिक दलों में सुगबुगाहट का बड़ा कारण बना है।

कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना गुलाम कश्मीर के लोगों को प्रेरित कर रही हैं कि उन्हें भी इस ओर आजाद फिजा में सांस लेने का मौका मिले। ऐसे में रक्षामंत्री ने उन्हें भारत का हिस्सा बनने का निमंत्रण देकर पड़ौसी देश की दुखती रग को छेड़ दिया है एवं पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है, बल्कि गुलाम कश्मीर के लोगों में भी नया विश्वास एवं मनोबल जगा दिया है। रक्षामंत्री का यह निमंत्रण बहुत मायने रखता है, इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि गुलाम कश्मीर हमारा है एवं हम इसे लेकर रहेंगे। गुलाम कश्मीर के लोग भारत से मिलने के लिये उत्सुक है, आन्दोलनरत है। क्योंकि पाकिस्तानी शासक उन्हें विदेशियों की तरह देखते हैं। यह एक सच्चाई भी है। पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर के लोगों का जैसा दमन और शोषण कर रहा है, उसके कई प्रमाण सामने आ चुके हैं। इसी दमन और शोषण के चलते जब-तब वहां पाकिस्तान के खिलाफ सड़कों पर उतरकर लोग भारत जाने की अनुमति भी मांगते रहते हैं। गुलाम कश्मीर में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे लोगों को मारा जा रहा है। वहां के लोग यह अच्छी तरह देख रहे हैं कि भारतीय भूभाग में किस तरह तेजी से विकास हो रहा है और उन्हें किस तरह पाकिस्तान की ओर से ठगा जाता रहा है। कहना कठिन है कि रक्षा मंत्री के बयान पर पाकिस्तान क्या कहता है, लेकिन इसके आसार कम ही हैं कि वह आतंकवाद को सहयोग-समर्थन देने से बाज आएगा। पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे इस चुनाव पर सिर्फ भारतीयों नहीं, पूरी दुनिया की नजर है। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच राजनाथ सिंह ने कहा कि हम गुलाम कश्मीर पर अपना दावा कभी नही छोड़ेंगे। वैसे भी गुलाम कश्मीर के लोग हमारे ही लोग है, उन्हें पाकिस्तान ने कभी अपना माना ही नहीं है। राजनाथ सिंह का गुलाम कश्मीर के लोगों को संदेश पाकिस्तान के ताबूत में आखिरी कील की तरह है।

रक्षा मंत्री ने अपने वक्तव्य के जरिये चुनाव के परिदृश्यों को एक नया मोड़ दिया है। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। उनके लिए ऐसा करना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के नेता पाकिस्तानपरस्ती का परिचय देते हुए उससे बात करने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन ऐसा करते हुए वे यह रेखांकित नहीं करते कि वार्ता के लिए उसे आतंकवाद पर लगाम लगानी होगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद-370 की वापसी का भी सपना दिखा रहे हैं। यह दिवास्वप्न के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि अब इस विभाजनकारी और अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले अनुच्छेद की वापसी संभव नहीं और इसीलिए रामबन में राजनाथ सिंह ने कहा, भाजपा ने डंके की चोट पर अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि का रास्ता बनाया है। किसी माई के लाल में हिम्मत नहीं कि वह इस अनुच्छेद को वापस ला सके। ऐसा कहते हुए उन्होंने कांग्रेस को भी निशाने पर लिया, जो कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और अनुच्छेद-370 की वापसी के उसके वादे पर मौन धारण किए हुए है। पाकिस्तान एवं घाटी के विभिन्न राजनीतिक दल बार-बार अनुच्छेद 370 का जिक्र कर दुनिया के सामने यह गीत गाते रहे हैं कि 370 हटने से कश्मीर के लोग नाराज हैं। इस झूठ को खुलासा स्वयं कश्मीर की जनता ने लोकसभा चुनाव में वोटिंग के जरिये किया है।

घाटी में चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे हैं राजनीतिक दल पाकिस्तानी राग अलापते रहे हैं। उमर अब्दुल्ला इस वक्त अफजल को दी गयी फांसी के विवाद में घिर चुके हैं। उन्होंने कह दिया कि अफजल को फाँसी देना गलत था। चूँकि अफजल संसद पर हमले का जिम्मेदार था, उसकी तरफदारी करके नेशनल कान्फ्रेंस स्पष्ट रूप से जता रही है कि वह आतंकवादियों से मिली हुई है या उनकी तरफदारी कर रही है और कांग्रेस उसकी साथी है। इन स्थितियों में कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र में किए गए वादों से सहमत है? उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह उमर अब्दुल्ला के इस आकलन से सहमत है कि संसद पर हमले की साजिश रचने वाले अफजल गुरु को फांसी की सजा देने से कुछ हासिल नहीं हुआ? यह अलगाववाद और आतंकवाद के दौर की वापसी के समर्थकों की हमदर्दी हासिल करने वाला ही बयान है और इसीलिए राजनाथ सिंह ने उन पर कटाक्ष किया कि अफजल को फांसी न दी जाती तो क्या उसके गले में हार डाले जाते। यह विडंबना ही है कि कांग्रेस उमर अब्दुल्ला के इस बयान पर भी चुप्पी साधे है, जबकि उसे फांसी की सजा मनमोहन सिंह सरकार के समय ही दी गई थी। ऐसे में कश्मीर के लोगों को तय करना होगा कि वे देश प्रेमियों के साथ हैं या देशद्रोहियों के साथ? बहरहाल, धारा 370 हटने के बाद यहाँ पहली बार हुए लोकसभा चुनाव में पचास प्रतिशत से ऊपर मतदान हुआ था जो अच्छा संकेत है। वर्ना इससे पहले तो तीस प्रतिशत मतदान को भी अच्छा समझा जाता रहा।

जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग, जाति, सम्प्रदाय का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रीयता के साथ गुलाम कश्मीर एवं अनुच्छेद 370 के मुद्दे व्यापक रूप से उभर कर सामने आयेंगे। इन चुनावों में मतदाता जहां ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहा है, वहीं राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चतुर बने हुए दिख रहे हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें रखे हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ है। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा राज्य की एक करोड पच्चीस लाख जनता को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विकास एवं शांति की दिशा में। इन स्थितियों में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कश्मीर की जनता को जागरूक किया है एवं मतदान के प्रति सतर्क होने के साथ अपना मतदान विवेक से करने का वातावरण निर्मित किया है।

## संपादकीय

### एहतियात है जरूरी


देश में मंकीपॉक्स का मामला सामने आया है। एक युवक में मंकीपॉक्स के लक्षण पाने के बाद उसे फौरन आइसोलेशन में भेज दिया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि संक्रमित शख्स हाल ही में संक्रमण प्रभावित देश की यात्रा करके लौटा है। उसकी पहचान, वह किस राज्य का वासी है और यात्रा वाले देश के नाम का खुलासा नहीं किया है। देश के भीतर प्रभाव का आकलन करने के लिए मरीज के संपर्क में आने वालों का भी पता लगाया जा रहा है। मंकीपॉक्स का 2022 में वैश्विक प्रकोप हुआ था, जिसकी चपेट में भारत भी आया था। तब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को ग्लोबल हैल्थ इमरजेंसी घोषित किया था। यह संक्रामक बीमारी है जिसमें बुखार, सिरदर्द, मांस-पेशियों में ऐंठन के साथ ही त्वचा पर दर्दनाक दाने /फफोले जैसे हो जाते हैं। यह संक्रमित व्यक्ति या जानवर को छूने से फैलता है और 2 से 4 हफ्तों तक इसका असर रह सकता है। इस साल की शुरूआत से ही समूचे अफ्रीका महाद्वीप को मंकीपॉक्स ने अपनी चपेट में ले रखा है। वहां साढेक्ष्रू पांच हजार से अधिक मामलों की पुष्टि के साथ ही 643 लोग मर चुके हैं। यह वायरस अफ्रीका से निकल कर यूरोप और अमेरिका तक पहुंच चुका है। कोविड़ महामारी के दुनिया को चपेट में लेने के बाद से किसी भी संक्रमण के प्रति बड़ी चिंता व्याप्त हो रही है। हालांकि भारत पहले ही एलर्ट मोड़ में है। विभिन्न अस्पतालों में इस संक्रमण के मद्देनजर विशेष वार्ड.बनाए गए हैं। इसीलिए समय रहते इस संक्रमित यात्री की पहचान हो गई और दूसरों को संक्रमित करने से पूर्व ही या सीमित लोगों के संपर्क में आते ही उसे इलाज दिया जाने लगा है। आम नागरिकों को भयभीत किए बगैर संक्रमण से बचाव और सावधानी बरतने के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। ध्यान रखा जाना जरूरी है कि लोग बेवजह ड़रें नहीं। छात्रों और सार्वजनिक जीवन में नियमित तौर पर रहने वालों को संक्रमण के प्रति विशेष सावधानी रखने के निर्देश दिए जाने की भी आवश्यकता है। चूंकि यह संक्रमण जानवरों के माध्यम से भी फैलता है, इसलिए साफ-सफाई के अतिरिक्त मांसाहारियों को भी संक्रमित पशुओं के उपयोग का ख्याल रखना जरूरी है। खरोचों, घावों, श्वसन बूंदों और दूषित वस्तुओं के संपर्क में आने से भी सावधान रहने के स्पष्ट निर्देश दिए जाने की जरूरत है। हम पहले ही सतर्क हैं, मगर और भी एहतियात रखने की जरूरत को समझना है।

## चिंतन-मनन

### ज्ञेय और ज्ञान का संबंध

दर्शन के क्षेत्र में ज्ञान और ज्ञेय की मीमांसा चिरकाल से होती रही है। आदर्शवादी और विज्ञानवादी दर्शन ज्ञेय की स्वतंत्र सत्ता स्वीकार नहीं करते। वे केवल ज्ञान की ही सत्ता को मान्य करते हैं। अनेकांत का मूल आधार यह है कि ज्ञान की भांति ज्ञेय की भी स्वतंत्र सत्ता है। द्रव्य ज्ञान के द्वारा जाना जाता है, इसलिए वह ज्ञेय है। ज्ञेय चैतन्य के द्वारा जाना जाता है, इसलिए वह ज्ञान है। ज्ञेय और ज्ञान अन्योन्याश्रित नहीं हैं। ज्ञेय है, इसलिए ज्ञान है और ज्ञान है इसलिए ज्ञेय है, इस प्रकार यदि एक के होने पर दूसरे का होना सिद्ध हो तो ज्ञेय और ज्ञान दोनों की स्वतंत्र सत्ता सिद्ध नहीं हो सकती। द्रव्य का होना ज्ञान पर निर्भर नहीं है और ज्ञान का होना द्रव्य पर निर्भर नहीं है। इसलिए द्रव्य और ज्ञान दोनों स्वतंत्र हैं। ज्ञान के द्वारा द्रव्य जाना जाता है, इसलिए उनमें ज्ञेय और ज्ञान का संबंध है। ज्ञेय अनंत है और ज्ञान भी अनंत है। अनंत को अनंत के द्वारा जाना जा सकता है। जानने का अगला पर्याय है कहना। अनंत को जाना जा सकता है, कहा नहीं जा सकता। कहने की शक्ति बहुत सीमित है। जिसका ज्ञान अनावृत्त होता है, वह भी उतना ही कह सकता है जितना कोई दूसरा कह सकता है। भाषा की क्षमता ही ऐसी है कि उसके द्वारा एक बार में एक साथ एक ही शब्द कहा जा सकता है। हमारे ज्ञान की क्षमता भी ऐसी है कि हम अनंतधर्मा द्रव्य को नहीं जान सकते। हम अनंत-धर्मात्मक द्रव्य के एक धर्म को जानते हैं और एक ही धर्म का प्रतिपादन करते हैं। एक धर्म को जानना और एक धर्म को कहना नय है। यह अनेकांत और स्याद्वाद का मौलिक स्वरूप है। उनका दूसरा स्वरूप है प्रमाण। अनंत-धर्मात्मक द्रव्य को जानना और उसका प्रतिपादन करना प्रमाण है। हम अनंतधर्मा द्रव्य को किसी एक धर्म के माध्यम से जानते हैं। इसमें मुख्य और गौण दो दृष्टिकोण होते हैं। द्रव्य के अनंत धर्मों में से कोई एक धर्म मुख्य हो जाता है और शेष धर्म गौण। नय हमारी वह ज्ञान-पद्धति है, जिसमें हम केवल धर्म को जानते हैं, धर्मो को नहीं जानते। प्रमाण हमारी वह ज्ञान-पद्धति है, जिससे हम एक धर्म के माध्यम से समग्र धर्मो को जानते हैं।

# संरक्षक पर प्रश्न चिन्ह- क्या अब भाजपा को संघ की जरूरत नही रही....?



ओमप्रकाश मेहता




भारत के मौजूदा सत्तारूढ़ खेमों में इस बात को लेकर अच्छी खासी चर्चा है कि ऐसी क्या खास वजह पैदा हो गई। जिससे देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी और उसके कथित संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आर.एस.एस.) के बीच अंदरूनी मनमुटाव की स्थिति पैदा हो गई और जिसके कारण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को संघ की राष्ट्रीय समन्वयक बैठक में यह कहना पड़ कि- 'भाजपा को संघ की अब कोई जरूरत नहीं है, अब भाजपा हर तरीके से अपने आपमें सक्षम और आत्मनिर्भर है।' भाजपाध्यक्ष के इस बयान की देश के राजनीतिक क्षेत्रों में अच्छी खासी चर्चा है और कथन को लेकर मौजूदा और भविष्य के कयासों पर अटकलें तेज है। भाजपाध्यक्ष के इस बयान से संघ स्वयं वाली विस्मित है तथा अब वह अपनी अगली रणनीति को लेकर सजग व सक्रिय हो गया है, संघ प्रमुख केरल के पलक्कड में सम्पन्न इस सम्मेलन के बाद काफी चिंतित और सक्रिय हो गए है, उन्होंने पिछले कुछ दिनों में अपने विश्वस्तों के साथ कई बार गंभीर मंत्रणाएं भी की है।

अब भाजपाध्यक्ष जगतप्रकाश नड्ड़ा के इस तल्खी भरे बयन के राजनीतिक क्षेत्रों में कई अर्थ निकाले जा रहे है, संघ इस बात को लेकर चिंतित है कि प्रधानमंत्री की मौन स्वीकृति के बिना नड्ड़ा जी ऐसा बयान दे नही सकते और मोदी जी की संघ के प्रति यह मुद्रा क्यों है? यह किसी के भी समझ में नही आ रहा है। भाजपाध्यक्ष ने यह बयान संघ के करीब दस दिन पहले केरल के पलक्कड़ शहर में हुए सम्मेलन में दिया था, बयान तिथि से अब तक के दस दिन के समय में भाजपाध्यक्ष के इस बयान की काफी राजनीतिक सर्जरी हो चुकी है और वह अभी भी जारी है, इस कारण भाजपा और संघ दोनों में ही खलबली मची हुई है।


अब ऐसे मौके पर राजनीतिक प्रेक्षकों को मोदी का राजनीतिक इतिहास याद आ रहा है, जब मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए दंगों के बाद अटल जी का सार्वजनिक रूप से मोदी से की गई तल्खी भरी बातचीत और मोदी की दो टूक सफाई इसके साथ ही मुख्यमंत्री के रूप में मोदी के इस समय हुए दिल्ली दौरों और अटल-अड़वानी की तत्कालीन राजनीतिक भूमिका व मोदी के प्रति बर्ताव भी इन दिनों राजनीतिक क्षेत्रों में समीक्षा का विषय बना हुआ है और आज प्रधानमंत्री की संघ के प्रति तल्खी को उसी संदर्भ में जांचा परखा जो निकलेगें वे सार्वजनिक हो पाएगें या नही? यह तो फिलहाल कहना मुश्किल है, किंतु यह सही है कि इन परिणामों की प्रतीक्षा सभी को है, संघ को भी और मोदी खेमें को भी।

हाँ, तो चर्चा का मुख्य विषय संघ की मौजूदा स्थिति, उसका भाजपा पर असर और दोनों की भावी रणनीति है, अब यहां मौजूदा स्थिति को देखकर यह कहना भी गलत नही होगा कि मोदी और उनकी टोली को संघ की कोई चिंता नही है और यही संघ की चिंता का भी मुख्य कारण है और भाजपाध्यक्ष के स्पष्ट बयान ने तो स्थिति को और भी साफ कर दिया है, अब यदि संघ को अपने आपका अस्तित्व कायम रखना है तो उसे बिना किसी से सहयोग की अपेक्षा रखे खुद को ही इस दिशा में प्रयास करना पड़ेगें और अब यह भी स्पष्ट हो चुका है कि संघ को मोदी से किसी भी प्रकार के सहयोग या आदर भाव की अपेक्षा भी करना बंद कर देना चाहिए, क्योंकि सत्ता के गुरूर में डूबी भाजपा व उसके नेता कई बार संघ को इसी तरह के संकेत दे चुके है, इसलिए अपनी अस्मिता कायम रखने के लिए संघ को ही प्रयास जारी रखना होगें, उसकी मद्द के लिए कोई साथ नही आएगा। अब इस सामयिक चेतावनी को संघ समय रहते समझ ले तो ठीक है, वर्ना मोदी का तो अभी करीब-करीब पूरा ही तीसरा कार्यकाल बाकी है।

# भेड़ियों का आतंक: दहशत की वजह तलाशनी जरूरी



अजय प्रताप तिवारी



घटते जंगल बढ़ती आबादी से न सिर्फ इंसानी जीवन पर दबाव बढ़ रहा है, बल्कि पशु-पक्षियों के आश्रय स्थल और भोजन पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। विकास की अंधी होड़ में जंगलों की अंधाधुंध कटाई से जंगली जानवरों के भोजन और मूल निवास सिकुड़ रहे हैं। जंगली जानवरों की मूल प्रवृत्ति में भी बदलाव हो रहा है। भूख और मूल निवास के संकट से जंगली जानवरों में आक्रामकता पहले की अपेक्षा अधिक बढ़ी है। भूख-प्यास से व्याकुल जंगली जानवर शहर-गांवों का रुख करने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों में जंगली जानवरों का आतंक शहर-गांव-देहात में ज्यादा देखने को मिला है। इन दिनों उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भेड़ियों ने आतंक मचा रखा है। भेड़ियों के हमलों में अब तक दस लोगों की जान जा चुकी हैं, और करीब तीस लोग घायल हुए हैं। भेड़ियों की दहशत का प्रदेश में यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी जंगली जानवरों का तांडव रहा है। भेड़ियों के आतंक से निजात पाने के लिएराज्य सरकार ने उन्हें मारने का आदेश जारी किया है। मजे की बात यह है कि मनुष्यों की जान पर संकट बने भेड़ियों का वजूद खुद खत्म होने के कगार पर है। उनके देश में विलुप्त होने का खतरा बाघ से ज्यादा है। पशुओं के शोधकताओं और विशेषज्ञों का मानना है कि जंगली जानवरों में सबसे ज्यादा शमीर्ला जानवर भेड़िया ही है। ये जल्दी मनुष्यों के संपर्क में नहीं आते और न ही इंसानों पर हमला करते हैं। शमीर्ली प्रवृत्ति होने के बावजूद भेड़िये इंसानों को क्यों अपना शिकार बना रहे हैं? जंगली जानवर भेड़िया या कोई अन्य जानवर मनुष्यों को बेवजह परेशान नहीं करते। उत्तर प्रदेश का जिला बहराइच तराई का हिस्सा है, जो दक्षिणी नेपाल और उत्तरी भारत की सीमा पर फैली दलदली निचली भूमि का हिस्सा है। यहां बरसात में बाढ़ का खतरा बना रहता है। कोई भी जंगली जानवर किसी कारण से मूल प्राकृतिक वास को छोड़ता। भोजन की कमी होती है तब जंगली जानवर भोजन और सुरक्षित वास की तलाश में शहर-कस्बों की ओर बढ़ते हैं। ऐसे में मांसभक्षी जानवर पालतू पशुओं या मनुष्यों को अपना शिकार बनाते हैं। जो शाकाहारी पशु होते हैं, वे भी फसलों पर धावा बोलने में पीछे नहीं रहते।

विशेषज्ञ मानते हैं कि भेड़ियों, कुत्तों या कुछ अन्य जानवरों में खास किस्म की प्रवृत्ति होती है। वह यह कि यदि उन्हें एक बार इंसान का खून लग गया तो वे उसके आदी हो जाते हैं। यही वजह है कि बहराइच में भेड़िये मनुष्यों को अपना शिकार बना रहे हैं। उनका तांडव भले ही बहराइच में हो, लेकिन इस घटना से पूरा देश सहमा हुआ है। भेड़ियों पर काबू पाने के लिए शासन-प्रशासन कोशिशों में जुटे हैं, फिर भी भेड़िये मनुष्यों का शिकार करने से बाज नहीं आ रहे।

भारत में भेड़िया विलुप्त होते वन्यजीवों की श्रेणी में आते हैं। इसलिए देश में इनकी संख्या काफी सीमित है। यह भी हो सकता है कि नेपाल से भोजन या निवास की तलाश में अथवा अन्य वजहों से बहराइच में भेड़िये अपना ठिकाना बना रहे हों। कुछ भी हो लेकिन भेड़ियों के बढ़ते हमलों से देश-प्रदेश के समक्ष चुनौतियां और कई सवाल खड़े हो गए हैं। भेड़िया या अन्य जंगली जानवरों में इंसानों के प्रति प्राणघाती हमलों की प्रवृत्ति क्यों बढ़ रही है? इंसान की आहट से दूर रहने वाले जानवर इंसानों को आहार क्यों बना रहे हैं? क्या जलवायु परिवर्तन से जंगली जानवरों की मूल प्रवृत्ति में बदलाव आ रहा है? क्या कारण हो सकता है जिससे जंगली जानवरों को मनुष्यों पर हमला करना पड़ रहा है। सरकारें मानव बस्तियों के विस्तार और शहरीकरण को बढ़ावा देने के लिए जंगलों को बेतहाशा कटवा रही हैं। मनुष्यों के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन जंगली जानवरों के प्राकृतिक आवास की अनदेखी करके। जंगलों की अंधाधुंध कटाई और बढ़ते शहरीकरण से जानवरों के प्राकृतिक आवास सिकुड़ रहे हैं। यह समस्या इंसानों के लिए न केवल घातक सिद्ध हो रही है, बल्कि जानवरों के अस्तित्व पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

हाल में एक अध्ययन से पता चला है कि आने वाले कुछ वर्षों में मानव जनसंख्या वृद्धि के चलते आधे से ज्यादा जानवरों के रहने वाले क्षेत्रों में मनुष्य का कब्जा होगा। स्पष्ट है कि जंगली जानवरों और मनुष्यों के बीच संघर्ष बढ़ जाएगा। दोनों अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ेंगे। जंगली जानवरों की बढ़ती दहशत जटिल समस्या है, इसके निदान के लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सरकार को जंगलों के संरक्षण और जंगली जानवरों के पुनर्वास पर ध्यान देना चाहिए। जंगलों और मानव बस्तियों के बीच स्पष्ट सीमा का निर्धारण करना चाहिए। यह न केवल मानव सुरक्षा का मामला है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण का भी मुद्दा है। उचित समय पर ठोस रणनीति के साथ कदम नहीं उठाए गए तो समस्या और भी गंभीर हो सकती है, जिससे न केवल जंगली जानवरों की संख्या में कमी आएगी, बल्कि मानव जीवन पर भी संकट बढ़ जाएगा। इंसानी जीवन की सुरक्षा के साथ ही जंगली जानवरों की सुरक्षा के इंतजाम भी होने चाहिए। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए वन्यजीवों के साथ मानव का शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व सुनिश्चित कर-के ही समस्या का स्थायी समाधान किया जा सकता है।

# छात्रों ने खून से लिखा पत्र यूपी राज्यपाल और कुलपति को भेजा

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

**बांदा** जनपद में मंगलवार 10 सितंबर को छात्राओं एवं छात्र नेताओं द्वारा आंदोलन को नई गति देते हुए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के कुलपति एवं महामहिम राज्यपाल को अपने रक्त से लिखा हुआ पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से भेजने का काम किया गया। इस दौरान छात्रों द्वारा जानकारी दी गई कि छात्र नेता लगातार आंदोलन करने में लगे हुए हैं परंतु कुलपति, प्राचार्य एवं जिला प्रशासन सीट बढ़ाने की कोई जानकारी छात्र छात्राओं को पुख्ता दे नहीं रहा है। जो छात्र जानकारी करने महाविद्यालय आते है उन्हे पुलिस बुला के डराते है एवं भविष्य खराब करने की धमकी देते हुए महाविद्यालय से बाहर कर दिया जा रहा है ना ही सीट बढ़ाने की कोशिश कर रहे है, ना जानकारी दे रहे है। ऊपर से लाठी चलवाने की धमकी दे भगाते हैं जिसकी वीडियो भी मौजूद है। जबकि पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय बांदा में सीट बढ़ोतरी हेतु मानक पूरा है एवं शिक्षकों की भी पूर्ति है परंतु कुलपति अपने मनमानी में उतारू है। सीट नही बढ़वा रहे और रोज के रोज बच्चो को झूठा आश्वासन देकर धरने से उठवा देते है। ऐसे में छात्र नेताओं और छात्र छात्राओं में काफी आक्रोश है। खून से पत्र लिखने वाले छात्र नेताओं में लव सिन्हा, सुधांशु चौहान, दीपक गुप्ता उदय प्रताप सिंह, बाबू राम निषाद, योगेंद्र पाल, भूपेंद्र निषाद, रचित गोसौमी, अभिषेक तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। छात्र लोगो ने अपना रक्त निकलवा कर रक्त से लिखा हुआ पत्र जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच के कुलपति एवं राज्यपाल, अपर जिलाधिकारी, प्राचार्य को प्रतिलिप्त पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से पहुंचाने का काम किया है। छात्र नेता लव सिन्हा ने कहा कि प्राचार्य एवं कुलपति आपस में सांठगाठ कर छात्राओं को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। जिस समय निकल जाए और छात्र शिक्षा से वंचित रह जाएं। इनको इनके मकसद में कामयाब नहीं होने देंगे। सीट बढ़ोतरी के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। छात्र नेता उदय प्रताप ने कहा कि सीट नहीं बढ़ाई गई तो आमरण अनशन में बैठने के लिए बाध्य होंगे। छात्र नेताओं ने ज्ञापन के साथ खून से लिखे पत्र संगलित कर दिए है और अगर किसी छात्र का भी स्वास्थ्य आंदोलन में खराब होता है तो उनके जिम्मेदार कुलपति एवं प्रशासन होगा। इस मौके पर बुन्देलखण्ड विशिवद्यालय झांसी के छात्र नेता लव सिन्हा, दीपक गुप्ता, सुधांशु चौहान, बाबू राम निषाद, भूपेंद्र यादव, योगेंद्र पाल, उदय प्रताप, अभिषेक तिवारी, रचित गोसौमी, जय सिंह, गगन सागर, विक्की यादव, प्रिंस शिवहरे, रुद्र यादव आदि सैकड़ों की संख्या में छात्र मौजूद रहे।





## जनपद उद्योग बन्धु की बैठक में मंडलायुक्त ने अधिकारियों को किया निर्देशित

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा



आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डल स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उद्यमियों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए उनका निस्तारण प्राथमिकता पर करें, जिससे कि मण्डल में उद्योगों को बढावा मिल सके। उन्होंने निवेष मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना/प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष्य शत-प्रतिशत उपलब्धि पूर्ण करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में चित्रकूट जनपद में एसबीआई बैंक द्वारा पत्रावलियों के निस्तारण के सम्बन्ध में एलडीएम को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने व्यापार बन्धु की नियमित बैठक भी कराये जाने के सम्बन्ध में उपायुक्त प्रशासन, राज्यकर बॉदा को निर्देशि किया। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में पानी की समस्या का निराकरण की समीक्षा करते हुए यूपीसीडा मुख्यालय से भूरागढ़ में पेयजल के लिए स्वीकृत किये गये रू0 1.61 करोड़ की धनराशि से जल निगम के द्वारा पेयजल की व्यवस्था हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में यूपीसीडा मुख्यालय द्वारा रिक्त समस्त भूखण्डों का आवंटन हेतु विज्ञापन की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में विद्युत सम्बन्धी मामलों को शीघ्र निस्तारण किये जाने हेतु अधिशाषी अभियंता विद्युत को प्राथमिकता पर समस्याओं का निस्तारण किये जाने तथा उद्यमियों के विद्युत कनेक्शन शीघ्र किये जाने तथा विद्युत ट्रिपिंग की समस्या का निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने भूरागढ़ में खराब सोलर लाइटों को ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। औद्योगिक क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट को और अधिक विकसित किये जाने तथा भूरागढ़ रोड के किनारे एकत्र ईटों को हटवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्लोबल इनवेस्टर्स समिटि में एमएसएमई के अन्तर्गत जीबीसी के लिए तैयार इकाइयों की जानकारी प्राप्त करते हुए शासन की प्राथमिकता के अनुसार इन इकाइयों को धरातल पर स्थापित कराये जाने हेतु उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण कर उद्योगों को मण्डल के जनपदों में स्थापित कराये जाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने बॉदा से महोबा के बीच एनएच मार्ग में कबरई से महोबा के रास्ते की सड़क की मरम्मत कराये जाने के निर्देश एनएच बॉदा के अधिकारियों को दिये। बैठक में संयुक्त निदेशक उद्योग ने बताया कि उद्यमियों के लिए एक योजना संचालित है, जिसमें सूक्ष्य एवं लघु उद्यमियों को उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टीफिकेशन पोर्टल (यूआरसी) में पंजीकृत इकाइयों को रू0 पॉच लाख तक मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना त्रिबीमा योजना का लाभ प्रदान किया जाता है। बैठक में जिलाधिकारी बॉदा नगेन्द्र प्रताप, अपर पुलिस अधीक्षक बॉदा शिवराज, संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त यशवंत सिंह, अनिल कुमार सहायक आयुक्त जीएसटी, अधिशाषी अभियंता विद्युत एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा सहित उद्यमीगण अशोक कुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, संतोष गुप्ता, मनोज जैन, मनोज शिवहरे व अन्य उद्यमियों सहित मण्डल स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### दंपति कप्तान साहब ट्रैफिक पुलिस को सोशल मीडिया पर वीडियो फोटो वायरल होने पर क्यों नजर आते हैं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक

संस्कार उजाला



जनपद में ई रिक्शा चालकों के द्वारा बहुत बड़े पैमाने पर यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के अंतर्गत देखने को मिला है। जहां ई रिक्शा चालक के द्वारा चंद रुपये किराए के लिए स्कूली छात्रों की जान जोखिम में डालकर ई-रिक्शा के पीछे लटका कर सफर कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने का मामला प्रकाश में आया है। बता दें कि जिले में ई रिक्शा एवं ऑटो चालकों का शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक खुला तांडव है। और यातायात नियम उनके लिए कोई मायने नहीं रखते हैं। सूत्रों की मानें तो ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों को स्टैंड पर सवारियां भरवाने के नाम पर वसूली करने वाले एजेन्टों का खुला संरक्षण प्राप्त है। जिसके चलते ई रिक्शा एवं ऑटो चालक खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए। नेशनल हाईवे पर फरार्टा भरते हुए ट्रैफिक पुलिस को नजर नहीं आते हैं। लेकिन जब किसी ऐसे ऑटो ई रिक्शा की फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है। तभी ट्रैफिक पुलिस को नजर आते हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक। जिसका जीता जागता एक उदाहरण थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के पुलिस चौकी दोयमी क्षेत्र में देखने को मिला है। जिसमें एक ई रिक्शा चालक के द्वारा यातायात नियमों को खुलेआम धत्ता बताते हुए। स्कूली छात्रों की जान जोखिम में डालकर ई-रिक्शा के पीछे लटका कर स्कूली छात्रों को सफर करा रहा है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से दौड़ रहा है। जिसमें अपनी किरकिरी होने से बचाने को लेकर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा ₹9000 का चालान किया गया है। वही इस मामले को लेकर ट्रैफिक पुलिस यातायात निरीक्षक उपदेश यादव का कहना है कि यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले ई रिक्शा ऑटो चालकों के विरुद्ध बराबर कार्यवाही की जाती है। और इस मामले में भी तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेते हुए ₹9000 का चालान किया गया है।

### आरएसके इंटर कॉलेज में प्रोफेक्टोरियल बोर्ड सेरेमनी का हुआ आयोजन

संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा



**गढ़मुक्तेश्वर**/सिंभावली क्षेत्र में हिम्मतपुर रोड पर स्थित शिक्षा के मंदिर के रूप में अग्रणीय आरएसके इंटर कालेज में प्रोफेक्टोरियल बोर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया।जिसमें कालेज के समस्त कक्षाओं के मानीटर्स (कक्षा नायकों) एवं चारों हाउस (भगत, कलाम, अम्बेडकर एवं शिवाजी) के कैप्टन को हाउस इन्चार्ज के द्वारा पटका एवं बैज पहनाया गया। प्रधानाचार्य राजीव कुमार गोहित ने कालेज में हेड ब्वाय इंटर के छात्र मिस्टर ओम सिंह,वॉइस हेड 11 वीं कक्षा के रितिक और हेड गर्ल इंटर की छात्रा हिमांशी,वॉइस हेड 11 वीं कक्षा की छात्रा संजना को बनाया। इसके अलावा कल्चरल सेक्रेटरी अवन्तिका एवं मोहिनी, स्पोर्ट कैप्टन (ब्वाय) चेतन यादव और स्पोर्ट कैप्टन (गर्ल) सिमरन को सैश पटका पहनाकर उनके कर्त्तव्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य राकेश कुमार ,कमल सिंह,ऋषिपाल सिंह,अजय कुमार, संजीव यादव, दीपक शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### डीएम मैम पति को कब्र से निकलवाकर करा दो पोस्टमार्टम वरना बच्चों सहित कर लूंगी आत्महत्या



संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरखा निवासी शहनाज ने जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा को शिकायती पत्र देकर अपने पति को कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम कराने की गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि उसे इंसाफ नहीं मिला तो वह बच्चों सहित कर लेगी आत्महत्या। बता दें कि जनपद हापुड़ की तहसील गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बदरखा निवासी मृतक सत्तार की पत्नी शहनाज ने जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एसपी कुमार ज्ञानेंजय सिंह को शिकायती पत्र देकर संदिग्ध परिस्थिति में हुई पति की मौत से पर्दा उठाने के लिए अपने पति को कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। मृतक की पत्नी पीड़िता शहनाज ने बताया कि 28 अगस्त को करीब 2 बजे उसके पति को कुछ लोगों ने फोन करके घर से बुलाया था।जहां कुछ लोगों ने मिलकर बेरहमी से पीट पीटकर मरणासन्न हालत में पहुंचा कर सड़क हादसे का रूप दिया गया था। और सड़क हादसे में घायल होने की सूचना भी जिन लोगों ने घर से बुलाया था उन्हीं के द्वारा दी गई थी। जिसमें पीड़ित परिजनों के द्वारा सत्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसके उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इसके उपरांत इन्हीं लोगों ने सहानुभूति दिखाते हुए मृतक की पत्नी और उसके परिजनों को गुमराह कर उसको सुपुर्द ए खाक करा दिया। लेकिन अब जानकारी में आया है कि आरोपियो ने ही सत्तार की हत्या की है। इसलिए आरोपियों ने सत्तार का पोस्टमार्टम नहीं कराने दिया। मामले की सूचना की तहरीर लेकर मृतक सत्र के परिजन थाने पहुंचे तो स्थानीय पुलिस ने टिहरी लेने से इनकार कर दिया। जिसको लेकर पीड़िता ने डीएम प्रेरणा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक को अपना दुखड़ा सुनाया। जिसमें दोनों आलाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर मृतक सत्तार की पत्नी शहनाज ने मीडिया के सामने अपना दुखड़ा रोते हुए कहा कि यदि उसे इंसाफ नहीं मिला तो वह अपने बच्चों सहित आत्महत्या कर लेंगी। क्योंकि परिवार में उनके पति ही उनका पालन पोषण करता था और कोई सहारा नहीं है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न निकायों की समीक्षा बैठक

संस्कार उजाला

डॉ0सै0अब्दुल खबीर



**बहराइच** । निकायों के कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए पुरूष व महिलाओं के लिए शौचालय का निर्माण कराया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी निकाय समुचित साफ-सफाई, कूड़ा उठान व जल निकासी पर विशेष ध्यान दें। डीएम ने निर्देश दिया कि निकाय अन्तर्गत निराश्रित गोवंशों को गो आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाय। समस्त निकायों को निर्देश दिया गया कि निकट भविष्य में संचालित होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के लिए बेहतर तैयारी करें ताकि जिले की रैंक प्रभावित न होने पाये। डीएम मोनिका रानी ने सुझाव दिया कि निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से सहयोग प्राप्त कर निकाय अन्तर्गत निष्प्रयोज्य सामग्री से आर्टिस्टिक मैटेरियल तैयार कर नगर के पार्कों में स्थापित किया जाय। इस कार्य से बच्चों को नवाचार के लिए प्रेरणा मिलेगी और वे घरेलू निष्प्रयोग्य सामग्री से भी सजावटी आईटम तैयार कर अपने-अपने घरों की शोभा बढ़ा सकेंगे। डीएम ने निकायों को निर्देश दिया कि नगर के प्रमुख चौराहों पर हाईमास्ट लाईट स्थापित की जायें। डीएम ने निर्देश दिया कि आसन्न त्यौहारों के मद्देनजर वार्डों तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास साफ-सफाई, प्रकाश, पानी इत्यादि की माकूल व्यवस्था के साथ आवश्यकता के अनुसार मार्गों की मरम्मत भी करा दी जाय। डीएम ने निकायों को निर्देश दिया कि कूड़ा ढोने वाली गाड़ियों को ग्राउण्ड पोजिशनिंग सिस्टम से लैस कर दिया जाय ताकि वाहनों का मानीटरिंग कार्य बेहतर ढंग से हो सके। निकायों को यह भी निर्देश दिया कि पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ निकाय अन्तर्गत स्थापित सभी हैण्डपम्पों को भी क्रियाशील रखा जाय। निकायों को निर्देश दिया गया कि जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करते समय विशेष सतर्कता बरती जाय। निकायों में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा में वित्तीय एवं भौतिक प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर सभी अनारम्भ कार्यों को शीघ्र ही प्रारम्भ करा दिया जाय। इस अवसर पर प्रभारी निकाय/अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, तहसीलदार मोतीपुर जगदम्बा प्रसाद चौधरी, निकायों के अधिशासी अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## 4 बालिका की पानी मे डूबकर मौत

संस्कार उजाला

**बहराइच** के नवाबगंज "ग्राम सतीजोर तालाब मे लगभग 10.00 बजे" में बेरा का फूल व उसका फल तोड़ने के लिये 04 नाबालिग बच्चियाँ 1.महक खातून पुत्री कलीम खाँ उम्र करीब 14 वर्ष, 2. सामिया पुत्री इशरत खाँ उम्र करीब 9 वर्ष, 3. सायबा खातून पुत्री मेराज खाँ उम्र करीब 12 वर्ष, 4. सरीकुल खातून पुत्री मकबूल खाँ उम्र करीब 15 वर्ष गयी थी, जहां तालाब में डूब गयीं । परिजनों व ग्राम प्रधान आदि के द्वारा बॉडी निकालकर प्राथमिक उपचार कराने का प्रयास किया गया ,परन्तु 03 बच्चियों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी तथा 01 बच्ची की सांसे चल रही थीं जिसका दवा इलाज नजदीकी अस्पताल पर कराया जा रहा था परन्तु इलाज के दौरान बच्ची की मृत्यु हो गयी । जिसकी सूचना समय लगभग 10.45 बजे ग्राम प्रधान सतीजोर श्री नासिर हुसैन के द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गयी । इस सूचना पर उप जिला अधिकारी नानापारा, क्षेत्राधिकारी नानपारा, प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज मय पुलिस बल के तत्काल मौके पर पहुचें। शव का पंचायतनामा भरकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है ।

### अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर क्राइम थाना व फील्ड यूनिट का किया गया औचक निरीक्षण

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा



**बांदा** जनपद में मंगलवार 10 सितम्बर को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा साइबर क्राइम थाना तथा फील्ड यूनिट का औचक निरीक्षण किया गया । साइबर क्राइम थाना के रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर उसे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए ।इस दौरान उन्होने साइबर अपराध से संबंधित लम्बित मामलों की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि सभी मामलों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए साइबर फ्रॉड का शिकार हुए पीड़ितों की अधिक से अधिक धनराशि वापस कराई जाए । उन्होने प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना को निर्देशित किया कि लोगों को साइबर अपराधों से बचाने तथा साइबर अपराध के तरीकों के प्रति जागरुक करने के लिए समय-समय पर स्कूलों, कालेजों, ऑफिसों, ग्रामों तथा बाजारों में व्यापक पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाया जाए ।इसी क्रम में उन्होने फील्ड यूनिट का भी औचक निरीक्षण किया तथा अभिलेखों को अद्यावधिक करने के निर्देश दिए ।

## सरस्वती मेडिकल कॉलेज डॉक्टर्स की टीम ने ऑल इंडिया अब्बासी महासभा के तत्वाधान में फ्री मेडिकल चेकअप कैंप का किया आयोजन

### मेडिकल कैंप में डॉक्टर के द्वारा मरीजों का फ्री चेकअप कर 600 मरीजों को दवाई दी गई

संस्कार उजाला

जिला प्रभारी अमित शर्मा



**गढ़मुक्तेश्वर/गढ़मुक्तेश्वर** क्षेत्र में सरस्वती मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की टीम के द्वारा आल इंडिया अब्बासी महासभा के तत्वाधान में गढ़मुक्तेश्वर में एक फ्री मैडिकल कैम्प का अयोजन किया गया आयोजित मेडिकल कैंप में सरस्वती मेडिकल हास्पिटल अनवरपुर हापुड़ के हड्डी नेत्र पेट एवं जनरल फिजिशियन डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों का शुगर, बीपी,ब्लड टेस्ट,ईसीजी आदि जांच फ्री की गयी और सभी बीमारियों की दवाईयां फ्री दी गयी आपको बता दें कि ऑल इंडिया अब्बासी महासभा गढ़मुक्तेश्वर टीम के द्वारा मदरसा फैजुल उलूम नाजिम कालोनी में फ्री मेडिकल कैम्प आयोजित कराया गया। जिसमें लगभग 600 मरीजों की जाँच करके फ्री दवाईयां दी गयी। इस अवसर पर आयोजित मेडिकल कैंप में मरीजों की सेवार्थ में आल इंडिया अब्बासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी शमशेर।अंसार( राष्ट्रीय सचिव) डॉ.वकील ( प्रदेश संगठन मंत्री) प्रदेश महासचिव नुसरत अब्बासी, गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा अध्यक्ष अलाउद्दीन प्रदेश सचिव सलीम हाजी इब्नेहसन सरपरस्त,नसरु अफसर आरिफ अली जहीर ,हाजी सदाकत पहलवान (अध्यक्ष मदरसा) मुफ्ती शहजाद हेडमास्टर रिजवान,सईद और अन्य लोग उपस्थित रहें।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा(रा) संगठन प्रतिनिधि मंडल ने विधवा महिलाओं एवं बेटियो के साथ मारपीट के मामले में थाना सदर बाजार प्रभारी से की कानूनी कार्रवाई की मांग

संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा



थाना सदर बाजार क्षेत्र में दो विधवा महिला और उनकी बेटियों के साथ घर में घुसकर की गई मारपीट के मामले को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा संगठन के पदाधिकारी जनपद मेरठ के थाना सदर बाजार पहुंचे। जहां पर दो विधवा महिलाओं व उनकी दो बेटियों के साथ कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के द्वारा घर में घुसकर मारपीट की गई। जिसमें पीड़िताओ 29 अगस्त को थाना सदर बाजार मे तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई थी। लेकिन पुलिस ने दबंग अपराधियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की है। जब अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा संगठन के पदाधिकारियों को इस घटना की जानकारी हुई तुरंत पीड़ित महिलाओं को साथ लेकर थाना सदर बाजार जनपद मेरठ पहुंचे। और थाना अध्यक्ष शशांक दिवेदी से वार्ता की गई। जिसको लेकर थाना प्रभारी ने तुरंत जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के आदेश दे दिए हैं। संगठन के पदाधिकारी ने चेतावनी दी है कि अगर पीड़ित महिलाओं को न्याय नहीं मिला तो अभी तो थाने का घेराव किया है। उसके बाद एसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा।थाना अध्यक्ष शशांक द्विवेदी ने आश्वासन दिया है कि पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलेगा मे पीड़ितों की महिलाओं के साथ हूं पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंडित विजेंद्र शर्मा पश्चिम प्रदेश सचिव मनोज शर्मा जिला अध्यक्ष पंडित वेद प्रकाश शर्मा नगर अध्यक्ष हापुड़ पंडित ललित शर्मा जिला सचिव भगवान शर्मा जिला संयोजक प्रदीप शर्मा विधानसभा उपाध्यक्ष पंडित लख्मीचंद शर्मा संगठन के सदस्य पंडित मुकेश शर्मा गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष पंडित गौरव शर्मा संगठन की जिला मीडिया प्रभारी राकेश कौशिक पंडित मंगू शर्मा डिंपल शर्मा योगेंद्र शर्मा सभी पदाधिकारी थाने मैं उपस्थित रहे।

## साइबर क्राइम पुलिस ने बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह के तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार

संस्कार उजाला

जिला प्रभारी अमित शर्मा



**हापुड़**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह की हापुड़ थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाले तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार करने का दावा किया है। बता दें कि एसपी के कुशल आदेश अनुपालन में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम के द्वारा अपराध एवं अपराध करने वाले अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे।अभियान के अंतर्गत थाना साइबर क्राइम टीम ने क्रेडिट कार्ड गोपनीय जानकारी धोखा देकर बैंक अधिकारी बनकर कॉल करके भोले भाले लोगों के बैंक खातों से धोखाधड़ी से धनराशि की निकासी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से दो मोबाइल फोन 3 फर्जी रसीदे व नगदी बरामद की गईं हैं। इनके खिलाफ गिरफ्तारी एवं बरामदगी की संबंध में थाना शहर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। साइबर टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों से पूछताछ करने पर बताया कि हम तीनों मिलकर लोगों के क्रेडिट कार्ड को अपनी जानकारी से प्राप्त कर अपनी पहचान छुपा कर बैंक के अधिकारी बनकर कॉल करते हैं। फिर उन लोगों को रिवॉर्ड पॉइंट कैश रिफंड प्लान के लिए अपनी बातों में फंसा कर उनसे जन्मतिथि और ओटीपी की जानकारी करके क्रेडिट कार्ड से हम लोग नो नौब्रोकर व फोन की वेबसाइट एवं परफेक्ट अकाउंट बनाकर रेट पेमेंट रिक्वेस्ट के माध्यम से अलग-अलग बैंक खातों में धनराशि ट्रांसफर कराकर निकाल लेते हैं। और धोखाधड़ी से निकली गई रकम हम तीनों आपस में बांट लेते हैं। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने पुलिस पूछताछ में अपने नाम निलेश तिवारी पुत्र चंद्रशेखर तिवारी निवासी ग्राम राम गरियापुर थाना गगवा जिला गोरखपुर हाल पता के वन 18/168 निकट हनुमान मंदिर संगम विहार थाना संगम विहार जिला दक्षिणी दिल्ली ,अनस पुत्र कलीख अहमद निवासी मकान नंबर 21/45 गली नंबर 16 एच ब्लॉक थाना संगम विहार ,मिसबान पुत्र इरशाद निवासी उदयपुर नरौली थाना गढी जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश हाल पता गली नंबर 16 मकान नंबर 21/47 ब्लॉक एच थाना संगम विहार है प्रेस वार्ता के दौरान सदर सीओ सिटी वरुण मिश्रा ने बताया कि यह बहुत ही शातिर किस्म की अपराधी हैं। यह भोली भाली जनता को नकली बैंक अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करते हैं और उनके पैसे बैंक अकाउंट से निकाल लेते हैं।

# नि:शुल्क टीकाकरण किया जायेगा। यह अभियान 31 अक्टूबर, 2024 तक चलेगा।

संस्कार उजाला
संवाददाता सलीम खान/ आसिम अजीज






**रामपुर।** जनपद गोवंश में लम्पी वायरस से बचाव हेतु टीकाकरण अभियान 15 सितम्बर, 2024 से चलाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. महेश कुमार कौशिक ने बताया कि इस अभियान हेतु जनपद में 84877 खुराक वैक्सीन प्राप्त हो चुकी है। यह वैक्सीन केवल गौवंशीय पशुओं में लगायी जाती है। जिसको लेकर पशुपालन विभाग ने सभी तैयारियॉ पूर्ण कर ली हैं। जल्द ही पशुपालकों के घर जाकर गोवंशीय पशुओं को नि:शुल्क टीकाकरण किया जायेगा और साथ ही पशुओं की टैगिंग का कार्य भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लम्पी वायरस से ग्रसित गोवंशीय पशुओं में पूरे शरीर में गांठे पड़ना, तेज बुखार आना, पशुओं का चारा, पानी पीना छोड़ देना तथा बाद में गांठें फट जाने से पूरे शरीर में घाव बन जाना, पैरो में शूजन आना लक्षण होते हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी वायरस से बचाव हेतु 15 सितम्बर, 2024 से गौशालाओं सहित पूरे जनपद में नि:शुल्क टीकाकरण किया जायेगा। यह अभियान 31अक्टूबर, 2024 तक चलेगा। उन्होंने पशुपालकों से अपील की है कि वे सभी गोवंश में टीकाकरण अवश्य करायें। टीकाकरण कराने से पूर्व अपने पशु के कान में टैग डलवाकर पंजीकरण अवश्य करा लें। उन्होंने बताया कि लम्पी रोग में सही इलाज न मिलने पर 3 प्रतिशत पशुओं की मृत्यु भी हो जाती है।

## भाजपा के प्रति लोगों के मन में श्रद्धा, सम्मान का भाव : मिथिलेश



संस्कार उजाला शाहजहांपुर।
खुटार, ग्राम हरनाई में सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे अतिथि सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने सैकड़ो की संख्या में आए हुए नए सदस्यों को भाजपा के सदस्यता ग्रहण करवाई। इस दौरान उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों के मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक पूरब से लेकर पश्चिम तक भारत की माटी से प्यार करने वाला हर व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भारत के अंदर केवल भारतीय जनता पार्टी ही है जो कैडर आधारित पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी भारत की माटी से जुड़कर, भारत के महापुरुषों से लेकर भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करते हुए राजनीतिक क्षेत्र में राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ कार्य करने वाली पार्टी है। विपिन सिंह, जागेश्वर सिंह, मुकेश तिवारी, राकेश शर्मा, प्रधान विवेक सिंह, सत्यपाल गुप्ता, ऋषिराम मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### नगर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक ब्लाक प्रांगण मे आयोजित की गई

बैठक में नए कार्यकर्ता बनाए गए सभी को नियुक्ति पत्र देकर जिम्मेदारी सौंपी



संस्कार उजाला
**सहारनपुर छुटमलपुर** आज मुजफ्फराबाद में भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने मासिक बैठक की । बैठक में काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया जहां विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई । गांव मुजफ्फराबाद में भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने नई कार्यकारिणी सदस्य बना कर संगठन को मजबूती प्रदान कराई । सभी सदस्यों को नियुक्ति पत्र देकर जिम्मेदारी सौंप गई ।कार्यकारिणी सदस्य बनाकर सभी भारतीय किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ता ब्लॉक मुजफ्फराबाद के खंड विकास अधिकारी अब्दुल वहाब से चार सूत्रीयों मांग को लेकर ज्ञापन सोंपा । ज्ञापन देने वालों टिकैत भाकियू कार्यकताओं में मण्डल महासचिव सहारनपुर डा० राजबीर , युवा जिलाध्यक्ष नदीम अंसारी जिला महासचिव अजय काम्बोज , ब्लॉक अध्यक्ष उगेश काम्बोज अकित सैनी राजकुमार राणा नौशाद अली आदि सैंकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे

### मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को दिया जायेगा प्रशिक्षण

संस्कार उजाला ब्यूरो
**सहारनपुर,** उत्तर प्रदेश में वैज्ञानिक पद्धति से मौन पालन के कृषि एवं बागवानी आधारित व्यवसाय को बढावा देने एवं युवक-युवतियों को स्वरोजगार सृजन के अवसर स्थापित करने के उद्देश्य से उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधीन औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र में 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर तक 90 दिवसीय मौनपालन प्रशिक्षण आरम्भ किया जा रहा है।संयुक्त निदेशक औद्योनिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र पूजा ने बताया कि इसके लिए प्रशिक्षणार्थियों को मात्र 10 रुपए पंजीकरण शुल्क देना होगा। प्रशिक्षणार्थियों को रहने एवं खाने पीने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्रशिक्षण में 18 वर्ष से उपर किसी भी आयु के पुरूष एवं महिलाएं भाग ले सकते है। इसके लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 08 पास होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र किसी भी कार्यदिवस में केन्द्र के मौनपालन अनुभाग से प्राप्त किए जा सकते है। अधिक जानकारी हेतु प्रभारी मौनपालन के मोबाइल नम्बर 9411459727 से सम्पर्क कर सकते है।

### ज्योति जनकल्याण उद्योग प्रशिक्षण सेवा संस्थान द्वारा गांव अलावलपुर में चल रहे केंद्र पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया

स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण देकर जागरूक किया जाता है मातृशक्ति को



संस्कार उजाला सहारनपुर
**सहारनपुर,** ज्योति जन कल्याण उद्योग प्रशिक्षण सेवा संस्थान द्वारा गांव अलावलपुर में ब्यूटीशियन वेयर सिलाई सेंटर खोला गया था जिसमें ब्यूटी पार्लर तथा सिलाई का कोर्स पूरा होने पर सीखने वाली महिलाओं एवं लड़कियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋतु सैनी का फूल माला डालकर स्वागत किया गया तथा इस दौरान उन्होंने मातृ शक्ति को स्वरोजगार के लिए जागरुक करते करते हुए कहा की समाज में महिला की आर्थिक स्थिति सही होगी तो वह परिवार व समाज को भी एक नई दिशा देगी इस दौरान उन्होंने पढ़ाई पूरी करने पर प्रशिक्षणर्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया कार्यक्रम में संस्था के प्रबंधक सोनवीर सिंह सैनी ने इन परीक्षा में उत्तीर्ण हुई छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया कि आप स्वम का रोजगार खोलकर अपने पैरों पर खड़े होकर सम्मान जनक जीवन जीने का रास्ता खोलेंगे कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्यूटीशियन व सिलाई सेंटर प्रबंधक सोनवीर सैनी ,मुख्य अतिथि ऋतु सैनी ग्राम प्रधान श्रीमती प्रवीण, तथा प्रशिक्षण प्रशिक्षण देने वालो मे काजल देवी ,सुमन देवी प्रशिक्षण लेने वालों में गरिमा, साक्षी,सविता ,सुनीता ,अनीता , पूनम, पायल , सीमा , कंगना ,मीनाक्षी, निशु ,खुशबू संगीता, रीना देवी, करमपाल सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष रामपाल सैनी छूटमलपुर नगर अध्यक्ष ऋषिपाल सैनी आदि उपस्थित रहे

## संक्षिप्त डायरी

### घंटो बाधित रही शाकुंभरी देवी पदयात्रा, खनिज के पकड़े गए ट्रकों के बीच फंसा पदयात्रियों का डीजे, जाम खुलवाने को पुलिस के छूटे पसीने



संस्कार उजाला
**सहारनपुर** बेहट सहारनपुर आखिरकार वही हुआ जिसका अंदेशा था..स्थानीय पुलिस व प्रशासन की लापरवाही के चलते सिद्धपीठ मां शाकुम्भरी देवी दर्शनों को जाने वाली पदयात्रा बाधित हो गई। दरअसल, पुलिस व प्रशासन द्वारा पकड़े गए खनिज से भरे वाहनों को कस्बे के शाकुम्भरी रोड पर दोनो ओर खड़ा किया गया है। जिससे इस मार्ग पर जहां जाम की स्थिति बनी रहती है वही कई बार गंभीर हादसे भी हो चुके है। इतना ही नही कस्बे सहित क्षेत्रीय लोग बार बार प्रशासन से गुहार लगा कर थक चुके है, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बाइक रैली निकाल शाकुम्भरी देवी पदयात्रा का हवाला देते हुए रोड से अतिक्रमण कर रहे ट्रकों को हटाने की मांग की थी। बावजूद इसके शाकुम्भरी रोड से खनिज के वाहनों को नहीं हटाया गया। जिसका परिणाम मंगलवार की सुबह देखने को मिला। सिद्धपीठ मां शाकुम्भरी देवी दर्शनों को जा रहे पदयात्रियों के जत्थे में शामिल डीजे कस्बे के शाकुंभरी रोड के दोनो ओर खड़े खनिज के ट्रकों के बीच फंस गया जिससे यहां जाम लग गया और यात्रा बाधित हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग भी इकट्ठा हो गए। पदयात्रियों ने इस दौरान जमकर हंगामा भी किया। आनन फानन में नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह, कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र प्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे। जाम खुलवाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कई कई माह से खड़ी होने के कारण वाहन स्टार्ट नही हो पा रहे जिस वजह से ट्रकों को हटवाने में दिक्कत हो रही है, मैकेनिक और जेसीबी को मदद से ट्रकों को हटवाकर आवागमन सुचारू किया जा रहा है।

# भारतीय किसान कपिल तायल बने युवा वैश्य समाज के अध्यक्ष

वैश्य अग्रवाल समाज नागल के नव मनोनीत पदाधिकारी

संस्कार उजाला
सहारनपुर नांगल



नागल। वैश्य अग्रवाल समाज नागल की बैठक में युवा वैश्य अग्रवाल समाज का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से कपिल तायल को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। वैश्य अग्रवाल समाज नागल के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि 3 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई जाएगी इसलिए हमें कस्बे में बाद का कोई दिन निश्चित करना होगा। बैठक में युवा वैश्य समाज जिला मंत्री मनोनीत होने पर मोहित गोयल का समाज के संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल ने माल्यार्पण का स्वागत किया। इसके अलावा गौरव तायल, नवीन गर्ग, अमित गर्ग, सचिन राठी, संकेत, नितिन माहेश्वरी, प्रणव गुप्ता, गौरव गुप्ता, मोहनलाल तायल को उपाध्यक्ष, मनोज गर्ग को महामंत्री, लकी गर्ग, नितिन गर्ग को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। सोनू गुप्ता, श्रेष्ठ तायल, नवनीत बंसल, पुनीत महेश्वरी, उदय गोयल, विजय बंसल, जॉनी बंसल, आर्यन बंसल, वंश बंसल, आयुष बंसल, पियूष बंसल, गोपाल राठी, राहुल गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अजय गुप्ता, विभू राठी व अनमोल तायल को मंत्री बनाया गया।सभी पदाधिकारियों का राजेंद्र अग्रवाल, पवन गोयल, श्रवण तायल, सतीश तायल, मुकेश माहेश्वरी, मुकेश बंसल, श्रवण गुप्ता, दीपक गुप्ता ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# विधायक एवं जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत की घर नल-हर घर जल योजना की समीक्षा

गुणवत्तापूर्ण ढंग से रेस्टोरेशन का कार्य करें समयबद्धता के साथ पूरा - विधायक

टीमें बढाकर 30 सितम्बर तक करें रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण - मनीष बंसल

*जिलाधिकारी ने कम्पनियों को कार्यशैली में सुधार लाने की दी चेतावनी



संस्कार उजाला ब्यूरो
**सहारनपुर,** विधायक नकुड़ श्री मुकेश चौधरी एवं जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-हर घर जल योजना की समीक्षा हेतु जनपद में किये गये कार्यों की प्रगति के संबंध बैठक आहूत की गयी।विधायक नकुड़ श्री मुकेश चौधरी ने हर घर जल योजना के तहत बेहतर कार्ययोजना बनाकर रेस्टोरेशन करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि योजना इस तरह से बनाई जाए जिससे जन सामान्य को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आने पाए। शिथिल प्रगति पर कंपनियां बहाना ना बनाएं, बल्कि कार्य योजना बनाएं की निर्धारित अवधि में लक्षित कार्य कैसे पूर्ण करना है। उन्होने कहा कि हर घर नल-हर घर जल केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहित में महत्वाकांक्षी एवं शीर्ष प्राथमिकता की योजना है, इस योजना के धरातल पर क्रियान्वयन में लापरवाही न हो। उन्होने बैठक में अपनी विधानसभा के 93 ग्रामों में किए जा रहे कार्यों का फीडबैक देते हुए अपने सुझाव दिए। जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल ने समीक्षा के दौरान कहा कि गुणवत्ता से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। जहां पर रेस्टोरेशन का कार्य खराब है वहां दोबारा किया जाए। इसके लिए उन्होने टीपीआई को मौके पर जाकर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जहां पर पाईपलाईन कार्य पूर्ण हो चुका है वहां पर टीम लगाकर रेस्टोरेशन का कार्य 30 सितम्बर तक पूर्ण किया जाए। उन्होने जनपद में कार्य कर रही कम्पनियों को निर्देश दिए कि टीमों द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रतिदिन जिओटैग फोटो उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।श्री मनीष बंसल ने कहा कि अतिरिक्त टीम लगाकर कार्य में तेजी लाएं। जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गये फीडबैक के आधार पर कार्य को प्राथमिकता से किया जाए। किए जा रहे कार्यों का अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाएगा। कमी पाए जाने एवं गलत जानकारी उपलब्ध कराने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने अधिशासी अभियन्ता को सख्त निर्देश दिए कि अपने पर्यवेक्षण कार्य में सुधार लाना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित राजेश महाजन, पीडी डीआरडीए श्री प्रणय कृष्ण, अधिशासी अभियन्ता जल निगम श्री अनुज कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण तथा कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया गया मादा भेड़िया: डीएफओ

## सक्रियता/प्रभावित क्षेत्रों की जारी है निगरानी

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर



**बहराइच ।** प्रभागीय वनाधिकारी, बहराइच ने बताया कि 09/10 सितम्बर 2024 की रात्रि में हिंसक भेड़िया द्वारा किसी प्रकार की कोई भी घटना कारित नहीं की गई है। बल्कि सेक्टर-01 अन्तर्गत वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में सिसैया चूड़ामणि के हरबक्शपुरवा के कछारी क्षेत्र में संचालित सर्च आपरेशन के दौरान 01 भेड़िया लोकेट किया गया। सर्च आपरेशन में लोकेट किये गये भेड़िया को रेस्क्यू करने हेतु प्रातःकाल में प्रारम्भ की गई कार्यवाही के दौरान क अदद उपद्रवी मादा भेड़िया को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। डीएफओ ने बताया कि महसी तहसील अन्तर्गत घाघरा नदी के कछारी क्षेत्रों में उपद्रवी भेड़िया के सक्रियता प्रभावित क्षेत्र को निगरानी की दृष्टि से 03 सेक्टरों में बॉटकर नामित सेक्टर प्रभारियों की देख-रेख में रेस्क्यू टीमों द्वारा 04 थर्मल ड्रोनों के माध्यम संवेदनशील क्षेत्रों तथा ग्रामीणों द्वारा बताये गये स्थानों पर उपद्रवी भेड़िया को खोजने की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा सक्रियता/संवेदनशील क्षेत्रों में कैमरा ट्रैप्स लगाकर तथा गश्ती दल द्वारा पैदल चलकर भेड़िया तथा उसके पगमार्क को खोजने का कार्य किया जा रहा है। डीएफओ ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामवासियों की सुरक्षा हेतु निरन्तर जागरूकता अभियान संचालित कर गाँवों में पोस्टर व बैनर लगाकर संगोष्ठी/बैठकों के माध्यम से ग्रामवासियों को सुरक्षात्मक उपाय के साथ-साथ उन्हें घर में सुरक्षित सोने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। रेस्क्यू आपरेशन के सूचनाओं के त्वरित आदान प्रदान हेतु प्रभाग स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम द्वारा रेस्क्यू टीमों एवं गश्ती दलों से सूचनाएं प्राप्त कर वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निदेर्शों को सर्च आपरेशन में लगी टीमों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। डीएफओ ने बताया कि गश्ती टीमों द्वारा अति संवेदनशील प्रभावित ग्रामों के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर उपद्रवी भेड़िया के गाँवों में प्रवेश को रोकने की कार्यवाहियों की जा रही है।

## आर० एम० एल० ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में वितरित किये गए टेबलेट व स्मार्ट फोन

संस्कार उजाला
जनपद शाहजहांपुर



**शाहजहांपुर।** आर० एम० एल० ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में सोमवार को टेबलेट / स्मार्ट फोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सलोना कुशवाहा, विधायक विधानसभा तिलहर एवं के०सी० मिश्रा जिलाध्यक्ष भाजपा उपस्थित रहे। तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आर० एम० एल० ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स कुंवरपुर बडागांव पुवायां शाहजहांपुर की अध्यक्ष वर्षा गोस्वामी एवं संजय गुप्ता चेयरमैन नगर पालिका परिषद पुवायां के उपस्थित हुये। संस्थान की चेयरमैन वर्षा गोस्वामी के द्वारा मुख्य अतिथि सलोना कुशवाहा को बुके देकर स्वागत किया एवं के०सी० मिश्रा जिलाध्यक्षा भाजपा को संजय गुप्ता चेयमैन नगर पालिका परिषद पुवायां द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सलोना कुशवाहा ने बताया गया कि उ०प्र० सरकार द्वारा 19 अगस्त 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा टेबलेट/स्मार्ट फोन वितरण योजना प्रारम्भ की गई थी, जो आज छात्रों के लिये बहुत ही उपयोगी सिद्व हो रही है उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य को लेकर शुभकामनायें दी। भाजपा के जिलाध्यक्ष के०सी० मिश्रा द्वारा छात्रों को टेबलेट के उपयोगिता व दुस्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया कि पुवायां क्षेत्र में फामेर्सी कॉलेज व नर्सिंग संस्थान खोलने के लिये शुभकामनायें दीं। संस्थान में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० राजीव कुमार (एच०ओ०डी०) एवं छात्र तुषार सक्सेना, स्नेहा सिंह, दृष्टि सक्सेना आदि के द्वारा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगीत, सांस्कृतिक नृत्य आदि कार्यकम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ० नीरज कुमार के द्वारा सभी धन्यवाद देते हुये कार्यकम का समापन किया। कार्यक्रम में अरविन्द कुमार, रजनीश कुमार, आदर्श शुक्ला, हरविन्दर सिंह, नीरज गंगवार, मोनिका राय, मानसी राठौर, इन्द्रजीत वर्मा, अंशिका पटेल, शिवांगी, दिव्यांक अवस्थी, दिवाकर अवस्थी तथा संस्थान के छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएमओ का अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक पर छापा



संस्कार उजाला
दिनेश सैनी सहारनपुर
**बिहारीगढ़** जनपद सहारनपुर के बिहारीगढ़ कस्बे में पीड़ित की शिकायत पर कस्बे में अपनी टीम के साथ पहुंचे डीप्टी सीएमओ डॉक्टर कुणाल जैन ने अलिजा हेल्थ केयर सेंटर पर छापामार कार्रवाई की। इस समय क्लीनिक में कुछ मरीज भी मौजूद मिले। लेकिन क्लीनिक के संचालिका मौके पर ना मिलने के कारण जांच टीम गहनता के साथ जांच नहीं कर पाई। बात करने पर डॉक्टर कुणाल ने बताया कि क्षेत्र में कुछ जच्चा बच्चा केंद्र फर्जी रूप से चल रहे हैं। ये जच्चा बच्चा केंद्र जो मानक के अनुरूप ना होने के कारण अवैध श्रेणी में आते हैं लगातार मिल रही शिकायतो को देखते हुए आज स्वास्थ्य विभाग की छापा मार कार्रवाई इन लोगों के लिए एक सबक है, इस दौरान बिहारीगढ़ कस्बे के साथ साथ कस्बा छुटमलपुर में भी चल रहे फर्जी चिकित्सो में मचा हड़कम अपने-अपने क्लीनिक बंद करके हुए फरार

## संक्षिप्त डायरी

### रोटी बैंक सोसाइटी ने ग्राम गँछा में जरूरतमंदों को किया कपड़ा वितरण




संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** शिव नादर फाउंडेशन द्वारा जिले के विकास खण्ड गोदलामऊ में छः दिवसीय प्रौढ़ शिक्षा जन शिक्षक का आईसीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का कार्यक्रम तीन सितंबर को शुरू किया गया था फाउंडेशन के राजीव शर्मा एवं आशुतोष मिश्र ने बताया कि यह ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण है जो चयनित शिक्षकों को प्रदान किया गया है, प्रशिक्षण में डिजिटल सामग्री से शिक्षण प्रक्रिया को आकर्षक, प्रभावी और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में फाउंडेशन के राहुल आनन्द व प्रिया सिंह ने आईसीटी के माध्यम से प्रौढ़ों को पढाने, सिखाने का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि ह्लकार्यक्रम के प्रशिक्षण के दौरान शिव नाडर फाउंडेशन द्वारा प्रौढ़ों को शिक्षा देने के लिये कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम पर आई सी टी पाठयक्रम तैयार किया गया है ।शिव नाडार फाउंडेशन द्वारा संचालित स्मार्ट क्लासेज मे यह प्रशिक्षित शिक्षको द्वारा विकसित यह आईसीटी आधारित शिक्षण चलाया जाएगा। प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षुओं को लैपटॉप और प्रोजेक्टर प्रदान किए गए।

### विशेष स्वास्थ्य शिविर में दो सौ मरीजों के स्वास्थ्य की हुई जांच।



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले के तम्बौर क्षेत्र में चल रहे वायरल फीवर डेंगू मलेरिया रोगों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तंबौर की टीम द्वारा क्षेत्र के ग्राम मुगलापुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में आए भारी संख्या में मरीजों को वायरल फीवर और मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। ग्राम मुगलापुर गांव में डॉ०रवि कल वर्मा,फार्मासिस्ट विनय लैब टेक्नीशियन अनमोल की टीम द्वारा दो सौ मरीजों के स्वास्थ्य कि जांच की गई जांच के समय पैंसठ मरीजों की स्लाइड बनाई गई कोई भी मरीज मलेरिया पॉजिटिव नहीं पाया गया सभी मरीजों की स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। इस सम्बन्ध में तम्बौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ०मनोज कुमार ने बताया कि क्षेत्र में वायरल फीवर से प्रभावित ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर दवा का वितरण स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नि:शुल्क कराया जा रहा है।

### मंदिर के पुजारी की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर।



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले की तहसील मिश्रिख क्षेत्र के अन्तर्गत भैंसेपारा स्थित सुखतला धाम के प्राचीन हनुमान मन्दिर के पुजारी कान्हा दास का लंबी बीमारी के चलते वह सोमवार की देर शाम बृम्हलीन हो गए। उनकी उम्र लगभग अस्सी वर्ष थी उनके निधन की खबर सुनते ही भक्तों का जमावड़ा लगने लगा। बताते चलें कि कान्हा दास करीब पैंतिस वर्षो से सुख तला धाम नामक स्थान पर रहकर भगवान की पूजा अर्चना करते थे। पहले इस प्रसिद्ध स्थान पर एक जंगल हुआ करता था। जिसमें खड़े एक पेड़ के नीचे बोरी बिछा कर रात्रि विश्राम करते थे। कुछ समय बाद वह एक झोपड़ी बनाकर रहने लगे। जिसके बाद बाबा जी ने एक हनुमान मन्दिर का निर्माण कराया फिर धीरे – धीरे भक्तों की आस्था बढ़ने लगी फिर कई और देवी देवताओं के मंदिरों का निर्माण कराया। क्षेत्र के जानकार बुजुर्गों का मनना है,कि हनुमान जी के मंदिर में बाबा जी ने जो दीपक जलाया था वह विगत वर्षो से लगातार चौबीस घंटे जलता रहता है। और आज भी जल रहा है। इस मंदिर की प्रसिद्ध बात तो यह भी है कि इस स्थान पर हर वर्ष महायज्ञ का कार्यक्रम होता है जिसमें विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाता है जिसमें सीतापुर जनपद की तो बात दूर गैर जनपद के भक्तगण भी आकर अपनी मनोकामना पूरी करते है। इतना ही नहीं प्रसिद्ध चौरासी कोशीय परिक्रमा के दौरान यहाँ पर देश विदेश से आये श्रद्धालु आकर विशाल भंडारे में शामिल होकर रात्रि विश्राम करते हैं। इस मंदिर पर सप्ताह के हर मंगलवार को सैकड़ों भक्तों का ताँता लगा रहता है। बाबा जी के बारे में जानकार लोग बताते हैं,कि करीब चौदह वर्षो तक अन्न त्यागकर फलाहार करके भगवान की भक्ति में लीन रहते थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जिसके बाद आज मंगलवार को स्थान पर ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके अंतिम संस्कार में हजारों की सख्या में भक्त गण शामिल हुए।

### विशेष स्वास्थ्य शिविर में दो सौ मरीजों के स्वास्थ्य की हुई जांच।



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले के तम्बौर क्षेत्र में चल रहे वायरल फीवर डेंगू मलेरिया रोगों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तंबौर की टीम द्वारा क्षेत्र के ग्राम मुगलापुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में आए भारी संख्या में मरीजों को वायरल फीवर और मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। ग्राम मुगलापुर गांव में डॉ०रवि कल वर्मा,फार्मासिस्ट विनय लैब टेक्नीशियन अनमोल की टीम द्वारा दो सौ मरीजों के स्वास्थ्य कि जांच की गई जांच के समय पैंसठ मरीजों की स्लाइड बनाई गई कोई भी मरीज मलेरिया पॉजिटिव नहीं पाया गया सभी मरीजों की स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। इस सम्बन्ध में तम्बौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ०मनोज कुमार ने बताया कि क्षेत्र में वायरल फीवर से प्रभावित ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर दवा का वितरण स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नि:शुल्क कराया जा रहा है।

# भावना योग शिविर का हुआ समापन।

**हमारा जीवन हमारी भावनाओं से नियंत्रित और संचालित होता है :सीमा जैन**




संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** मुश्कान फाउंडेशन की ओर से चल रहे तीन दिवसीय भावना योग शिविर का समापन सोमवार को शहर के जैन सभागार में हुआ। शिविर में योग स्वयं व सम्मृद्धि समाज के लिये लोक कल्याण की भावना को चरितार्थ करते हुये योग आहन प्रणायम के अभ्यास कराये गये। शिविर में बताया गया कि अपनी भावनाओं में सकारात्मक परिवर्तन लाकर हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। शिविर की संयोजक हरिता जैन ने बताया कि दिगंबर मुनि प्रमाण सागर ने तन को स्वस्थ मन को मस्त और आत्मा को प्रशस्त बनाने के लिए भावना योग के रूप में अमूल्य निधि प्रदान की है, जिसे अपना कर हम अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। आज तक हजारों लोगों ने इसका उपयोग कर स्वास्थ्य लाभ, कैरियर में सफलता,तनाव से मुक्ति पाई है शिविर का संचालन सीमा जैन द्वारा किया गया। इस शिविर में आधा सैकड़ा से अधिक महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।इस शिविर की शुरूआत मंगल भावना से हुई तत्पश्चात ऊर्जा प्रवाह और भावना योग का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति संरक्षिका फाउंडेशन की अध्यक्ष माधुरी सेठिया और मदर्स प्राइड की प्रिंसिपल मोना आनन्द की रहीं। जैन समाज और अन्य समाज के लोगों की भी इस कार्यक्रम में भागीदारी रही।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वे हेतु उन्मुखीकरण गोष्ठी का हुआ आयोजन




संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले के कसमण्डा विकास खण्ड कार्यालय के सभागार में जिला पंचायत दीपक शुक्ल प्रेम दीप जायसवाल प्रशिक्षु आईएएस नितिन सिंह खण्ड विकास अधिकारी की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सर्वे 2024 के अन्तर्गत एक ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आवास योजना के सर्वे को सुचारु रूप से संचालित करना और पात्र लोगों तक इसका लाभ पहुंचाना था। खण्ड विकास अधिकारी ने उपस्थित ग्राम विकास अधिकारियों को शासन से नवीनतम दिशा– निदेर्शों से अवगत कराया और सर्वेक्षण प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य लक्ष्य हर जरूरत मंद परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। ताकि गांवों में आवास की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। इस मौके पर ग्राम प्रधान और अन्य लोगों ने अपनी बात रखी। गोष्ठी के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रचार–प्रसार की भी रणनीति बनाई गई।बैठक में बताया गया कि सर्वेक्षण के उद्देश्य,पात्रता के मानकों एवं अपात्रता के कारणों के विषय में जन सामान्य को विस्तृत जानकारी दी जाएगी। ऐसे परिवार जिनके पास घर नहीं है, एक या दो कमरे की कच्ची छत अथवा कच्ची दीवार के मकान में रहते हैं उनको योजना लाभ मिलेगा। सर्वेक्षण के उपरान्त तैयार की गई प्राथमिकता सूची का अनुमोदन ग्राम पंचायत की खुली बैठक में कराया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में जो सूची तैयार की जाएगी उसके विषय में प्राप्त शिकायतों का निराकरण भी ब्लाक स्तर एवं जिला स्तर पर गठित समिति के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष भार्गव प्रधान बेहडा बैकुंठपुर सुफियान खां प्रधान प्रतिनिधि नवनीत मिश्र विनोद मौर्या संतोष यादव प्रेम नारायण विमल भार्गव अमीर खान ग्राम विकास अधिकारी विवेक अवस्थी अभय प्रताप दीपक विवेक गुप्ता सहायक विकास अधिकारी कोऑपरेटिव आशुतोष धुर्वे अंशिका वर्मा सुशील यादव अवर अभियंता शिवकुमार वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# अवैध लकड़ी लदी ट्राली को पकड़कर वन विभाग ने लिया कब्जे में।



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत सोमवार की रात में क्षेत्र से चोरी से काटकर ले जायी जा रही लकड़ी भरी ट्राली को मुखबिर की सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने हरगांव लहरपुर रोड पर पावर हाउस के पास पीछा करते हुए पकड़कर कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत वन विभाग के हरगांव रेंज के तहत ग्राम गुरधपा के पास से कुछ लकड़ी के ठेकेदार अवैध रूप से प्रतिबन्धित लकड़ी आम,शीशम,नीम के साथ यूकेलिप्टिस के पेड़ो को काट कर बेचने हेतु लहरपुर लिए जा रहे थे।तभी मुखबिर की सूचना पर वनविभाग की टीम क्षेत्राधिकारी वन बीनू पाल के साथ वन दरोगा मुकेश वर्मा गार्ड नंदलाल ने हरगांव लहरपुर रोड पर पावर हाउस के पास अवैध लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को रोककर कार्रवाई करते हुए कब्जे में ले लिया। वनविभाग की क्षेत्राधिकारी बीनू पाल ने बताया कि लकड़ी की ट्राली के खिलाफ जुमार्ने की कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत हुआ जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन।



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के सभागार में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद रहे,जबकि विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल तथा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीतापुर नेहा अवस्थी रहीं। जिलाधिकारी ने फीता काट कर प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। सभी अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गये मॉडल देखकर उनकी मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की।महिला सुरक्षा, वन्य जीवों से रक्षा,पर्यावरण संरक्षण, बायोमेट्रिक सुरक्षा आदि समसामयिक विषयों पर प्रस्तुत किये गये कार्य कारी मॉडल सभी के आकर्षण का केन्द्र रहे।बच्चों ने भी अतिथियों के प्रश्नों का बखूबी उत्तर दिया तथा उन्हें मॉडल के निर्माण में प्रयुक्त सिद्धान्तों के विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत आयोजित टी०एल०एम० प्रदर्शनी का भी सभी के द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बच्चों के प्रस्तुतीकरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि सीमित संसाधनों में बेहतर मॉडल प्रस्तुत करना निश्चित रूप से सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विज्ञान को समझनें के लिये प्रयोग का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने और अधिक संख्या में कार्यशील मॉडल बनाए जाने हेतु भी प्रेरित करते हुये कहा कि सिद्धान्तों को गहराई से समझनें हेतु कार्य शील मॉडल अत्यन्त महत्व पूर्ण भूमिका निर्वहन करते हैं। इससे बच्चों में नवाचार की भावना उत्पन्न होती है जो समाज के विकास के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत एक विकासशील देश है, इसलिये यहां चिकित्सकों इन्जीनियर्स,वैज्ञानिकों की आवश्यकता लगातार बनी रहेगी, इसलिये सभी पूर्ण मनोयोग से अध्ययन करें। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से आयोजकों द्वारा अत्यन्त कम समय में बेहतर आयोजन कर बच्चों को उनकी प्रतिभा के प्रदर्शन हेतु अवसर प्रदान किया गया है, जिसके लिये वे धन्यवाद के पात्र हैं।भविष्य में और वृहद स्तर पर आयोजन हेतु जिला अधिकारी ने प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल,सीतापुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नेहा अवस्थी,जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, राजकीय इण्टर कॉलेज के प्राचार्य अनिल कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अन्तर्गत संचालित कक्षाओं का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण।




संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के परिसर में मुख्य मंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत संचालित कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकालय को भी देखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायी जाये तथा प्रतियोगी परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के पैटर्न पर तैयारी करायी जाये,जिससे बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। पाठ्यक्रम को समय से पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान किये जाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसमें योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन के छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल,जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, राजकीय इण्टर कॉलेज के प्राचार्य अनिल कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौ सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया गौशालाओं का औचक निरीक्षण





संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** गौ सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा सीतापुर क्षेत्र के अन्तर्गत व आस– पास के गाँवों में स्थित गौशालाओं का अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के उपरांत ग्राम क्लर्क नगर में स्थित गौशाला में गायों के कंकाल देखने को मिले जिसको लेकर गौ सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने गौशाला इंचार्ज व क्षेत्रीय प्रधान से नाराजगी जताई। जिसके बाद कार्यवाही के नाम पर बौखलाए बैठे ग्राम प्रधान शमशेर अली द्वारा लगातार देवेंद्र तिवारी को धमकी दी जा रही है। यही नहीं निरीक्षण के दौरान गौ सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी को सीतापुर क्षेत्र में किसी भी तरीके की सुरक्षा व्यवस्था नहीं मिली जिसको लेकर देवेन्द्र तिवारी ने मुख्यमंत्री को शिकायत भी की है,कि उनकी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए जिससे क्षेत्र में मौजूद अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों से बचते हुए गौ सेवा सुचारु रूप से की जा सके। मामला एक तरफ तूल पकड़ता जा रहा है। वहीं जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियां से भागते नजर आ रहे हैं। इसी प्रकरण को लेकर भारतीय किसान मंच संगठन के पदाधिकारियों में भी रोष व्याप्त हो चुका है। भारतीय किसान मंच संगठन एवं गौ सेवा परिषद के अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के दिशा निर्देश पर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी व प्रदेश सचिव शैलेंद्र राज ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यदि चौबिस घण्टे के अन्दर जिम्मेदार अधिकारियों,कर्मचारियों व ग्राम प्रधान पर उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की जाती है, तो अपने संगठन के सैकड़ों पदाधिकारियों के साथ जिले के मुखिया को ज्ञापन सौंप कर बेजुबान गोवंश के लिए न्याय की गुहार लगाऊंगा। वहीं अब संगठन के पदाधिकारी आर–पार की लड़ाई का भी मूड बना चुके हैं।

# भारतीय जनता पार्टी के शासन में अपराध चरम पर : शुभम रस्तोगी



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** समाजवादी लोहिया वाहिनी ने बिसवाँ में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने,शारदा सहायक नहर कटान पीड़ितों को उचित मुआवजा देने के सम्बन्ध में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी बिसवाँ मनीष कुमार को सौंपा। समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला महासचिव शुभम रस्तोगी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भयमुक्त प्रदेश, अपराध मुक्त प्रदेश,जीरो टॉलरेंस नीति,माफिया मिट्टी में मिला दिये गये है, अपराधियों ने प्रदेश छोड दिया है,जैसे तमाम बड़े बड़े दावे कर रही है,जबकि सच्चाई ठीक इसके विपरीत है। लूट,अपहरण,सट्टा, जुआं का जाल पूरे बिसवाँ क्षेत्र में फैल चुका है। बिसवाँ विधानसभा क्षेत्र में चोरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि लोग रात–रात जागकर अपने घरों की रखवाली करने को मजबूर है। चोरी व लूट की इन घटनाओं से बिसवाँ क्षेत्र में भय व डर माहौल व्याप्त हो गया है और लोग रात भर जाकर अपने घरों का पहरा दे रहे है ।सट्टा, जुआं नशे के कारोबार ने पूरे बिसवाँ क्षेत्र को अपनी जद में ले लिया है, वहीं बड़ी चोरी के मामले में बिसवाँ पूरे सीतापुर जिले में अव्वल है। अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे है,जबकि पुलिस प्रशासन इन अपराधिक घटनाओं पर विराम लगाने पूर्णतया असफल है। लोहिया वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष हसीब अंसारी ने कहा कि शारदा सहायक नहर के कटान से प्रभावित गावों में हुए नुकसान का आंकलन कर उनको उचित मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर लोहिया वाहिनी के विधान सभाध्यक्ष अम्बुज यादव,शावेजअंसारी मो आदिल,फैसल खां, शैलेन्द्र कुमार,राहुल यादव, नंद कुमार शुक्ला, मोहित,मो समी,इरफान,अजहर अली, बबलू नेता आदि समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वीडियो से हुआ खुलासा: ट्रेनों को पलटाने की साजिश के पीछे पाकिस्तानी आतंकवादी का हाथ

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** बीते एक हफ्ते में तीन ट्रेन हादसे हुए हैं। गनीमत रही कि इनसे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। ये हादसे क्यों हो रहे हैं इसके पीछे की साजिश का भी खुलासा हुआ है। रेलवे के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में देश के अलग-अलग हिस्सों में तीन बार ट्रेन को पटरियों से उतारने की कोशिश की गई। वहीं दो बार पथराव की घटना भी सामने आ चुकी है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि रेल सेवा के खिलाफ क्या कोई बड़ी साजिश रची जा रही है। इन घटनाओं के सामने आने के बाद रेलवे की चिंता बढ़नी लाजिमी है। असामाजिक तत्व खासकर वंदे भारत ट्रेन पर पथराव कर रहे हैं। रेलवे ने संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी है।




पाकिस्तान के आतंकी फरहतुल्लाह घोरी ने हाल ही में एक वीडिया जारी किया। इसमें उसने अपने फॉलोअर्स से बड़े स्तर पर ट्रेनों को पटरी से उतारने की खातिर उकसा रहा है। कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस की पटरी पर सिलेंडर के अलावा पेट्रोल और माचिस का मिलना गहरी साजिश की ओर इशारा है। इसके पीछे आतंकी साजिश भी हो सकती है। उधर, बिल्हौर के पास कानपुर-कासगंज रेलवे ट्रैक पर एलपीजी सिलेंडर रखने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच के मुताबिक रेलवे ट्रैक को उड़ाने और ट्रेन को फूंकने की साजिश रची गई थी। एटीएस और आइबी के साथ-साथ एनआईए भी जांच में जुटी है। अब तक कुल 14 लोगों को हिरासत में लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक जून 2023 से अब तक पटरियों के साथ छेड़छाड़ के 17 मामले सामने आ चुके हैं। आरपीएफ मामला दर्जकर जांच में जुटी है। पिछले हफ्ते सोलापुर, जबलपुर समेत कई जगह ट्रेन को पलटाने की कोशिश की गई।राजस्थान के अजमेर में भी मालगाड़ी को पलटाने की साजिश रची गई थी। आठ सितंबर को यहां दो जगह पटरियों पर सीमेंट के ब्लॉक रखे गए थे। आरपीएफ ने मामला दर्ज किया है और जांच भी शुरू कर दी गई है। देश के कई हिस्सों पर लगातार ट्रेन की पटरियों पर लकड़ी और लोहे के टुकड़े, पत्थर, सिग्नल से छेड़छाड़ और लोहे के छड़ मिलने के मामले सामने आ रहे हैं। कानपुर के नजदीक पिछले 23 दिनों में तीन बार ट्रेन को पलटाने की कोशिश की गई। 24 अगस्त को फर्रुखाबाद में ट्रैक पर लकड़ी का टुकड़ा रखा गया था। इससे ट्रेन का इंजन टकरा गया था। इससे पहले 16 अगस्त को झांसी रेलमार्ग पर साबरमती एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी। इसमें ट्रेन के इंजन से पटरी का टुकड़ा टकरा गया था। इसके बाद अब नौ सितंबर को बिल्हौर के पास कालिंदी एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश रची गई।

# डेंगू से भर सकता है लंग्स में पानी, हो सकता है खतरा

नई दिल्ली ।डेंगू एक गंभीर समस्या हो सकती है और अगर समय पर इसका इलाज न किया जाए, तो यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। क्या आपने कभी सुना है कि डेंगू के दौरान फेफड़ों में पानी भर सकता है? हम जानेंगे कि डेंगू के कारण फेफड़ों में पानी भरने की स्थिति कैसी होती है, इसके लक्षण क्या होते हैं, और इसका सही उपचार कैसे किया जा सकता है। इस जानकारी से आपको न केवल डेंगू की जटिलताओं को समझने में मदद मिलेगी, बल्कि आप इस बीमारी से बचने के उपाय भी जान सकेंगे। आपको बता दे की डेंगू एक वायरल बुखार है जो एडीज़ मच्छर के द्वारा फैलता है। यह बुखार आमतौर पर उच्च तापमान, गंभीर सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, और त्वचा पर लाल निशान जैसी लक्षणों के साथ शुरू होता है। हालांकि डेंगू के सामान्य लक्षणों के अलावा, इस बुखार के कुछ गंभीर रूप भी होते हैं, जिनमें फेफड़ों में पानी भरना (प्लूरल एफ़्यूजन) शामिल हो सकता है। इस लेख में हम जानेंगे कि डेंगू के दौरान फेफड़ों में पानी भरने की समस्या कैसी होती है, इसके कारण, लक्षण, और उपचार के उपाय। डेंगू हेमोरेजिक फीवर में शरीर के विभिन्न अंगों से ब्लीडिंग शुरू हो सकता है और प्लेटलेट्स की संख्या बहुत कम हो जाती है। इस स्थिति में नसों की दीवारें कमजोर हो जाती हैं। डेंगू के संक्रमण के दौरान शरीर में वायरल संक्रमण के कारण कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इनमें से एक है 'डेंगू शॉक सिंड्रोम' (डीएसएस) और 'डेंगू हेमोरैजिक फीवर' (डीएचएफ), जो शरीर में तरल पदार्थों की असंतुलित स्थिति पैदा कर सकती है।

# तेजस्वी ने राहुल का समर्थन किया, कहा- जो लोग 400 पार का दावा करते थे, वे 240 पर सिमट गए

**समस्तीपुर (बिहार) (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस आरोप का समर्थन किया कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से हुए होते तो भाजपा 240 सीट तक भी नहीं पहुंच पाती। लोकसभा में विपक्ष के नेता फिलहाल अमेरिका की यात्रा पर हैं और वहां सोमवार को प्रतिष्ठित जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटीमें उन्होंने दावा किया कि अगर निष्पक्ष चुनाव होता तो भाजपा 240 सीटों के आसपास भी नहीं आती।



बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव से गांधी के इस आरोप के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ÷यह कोई रहस्य नहीं है कि भाजपा के विरोधियों पर केंद्रीय जांच एजेंसियों को खुला छोड़ दिया जाता है। दूसरी ओर, जैसा कि हमने महाराष्ट्र में देखा है, केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के साथ गठबंधन करने से पिछले सभी पाप धुल जाते हैं। यादव का इशारा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की ओर था। अजित पवार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे जिसके कुछ दिनों बाद वह अपने चाचा शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा को तोड़ पश्चिमी राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में शामिल हो गए थे।

यादव ने यह भी कहा, जो 400 से ज़्यादा सीटें जीतने का दावा कर रहे थे, वे सिर्फ़ 240 सीटों पर सिमट गए। यह तो बस शुरुआत है। मौजूदा सरकार के प्रति लोगों में असंतोष और बढ़ रहा है। हालांकि, राजद नेता ने भरोसा जताया कि बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में महागठबंधन जीत हासिल करेगा। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता यादव ने कहा, हमें याद रखना चाहिए कि राज्य के चुनावों में स्थानीय मुद्दे ज़्यादा अहमियत रखते हैं। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि अगर मतगणना के दिन गड़बड़ी न होती, तो महागठबंधन 2020 में ही सरकार बना लेता। हमें राजग से सिर्फ़ 12,000 वोट कम मिले। यादव ने अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए चलाए जा रहे कार्यकर्ता आभार कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। वह राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के छोटे बेटे हैं और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाते हैं। यादव ने कहा, भारत रत्न स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की जन्मस्थली समस्तीपुर में इस अभियान को शुरू करते हुए हमें खुशी हो रही है। मैं पूरे राज्य का दौरा करूंगा और जमीनी कार्यकर्ताओं से प्रतिक्रिया लूंगा।

राजद नेता से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस दावे के बारे में पूछा गया कि कोलकाता में डॉक्टर की हत्या के मामले में आरोपी बिहार का निवासी है। यादव ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आरोपी किस जगह का है। सच्चाई यह है कि वह सजा का हकदार है। हमें बिहार में राज्य के हर जिले में हो रही ऐसी ही घटनाओं पर अधिक ध्यान देना चाहिए। राजद नेता यादव ने वंचित जातियों के लिए आरक्षण बढ़ाने वाले कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल न किए जाने पर राज्य की डबल इंजन सरकार की आलोचना की।

# एक और साजिश हुई नाकाम, राजस्थान में पटरियों पर मिले भारी भरकम सीमेंट ब्लॉक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अजमेर(ईएमएस)। ट्रेनों को पलटने उनमें धमाके करने जैसे घातक मंसूबे लगातार सामने आ रहे हैं। इस तरह के प्रयास बीते एक हफ्ते में कई बार हुआ है। लेकिन सूझबूझ के चलते इन्हे विफल कर दिया गया। हाल ही में उत्तर प्रदेश के कानपुर के बाद राजस्थान में भी ट्रेन पलटने की साजिश नाकाम हुई है। राजस्थान के अजमेर में मालगाड़ी से टक्कर के बाद रेलवे पटरी पर भारी-भरकम दो सीमेंट ब्लॉक बरामद किए गए हैं। रेलवे ट्रैक पर एक किलोमीटर तक की दूरी में दोनों सीमेंट ब्लॉक रखे गए थे। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

ट्रैक पर सीमेंट ब्लॉक होने की जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। डीएफसीसी और आरपीएफ ने मिलकर सराधना से बांगड़ ग्राम स्टेशन तक पेट्रोलिंग की। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि किसने ट्रैक पर इतने बड़े ब्लॉक को रखा। ट्रेन पलटने की यह साजिश डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के फुलेरा-अहमदाबाद रूट पर की गई थी। सराधना और बांगर ग्राम स्टेशन के सोमवार रात करीब साढ़े 10 बजे एक मालगाड़ी का इंजन ब्लॉक टकराया। गनीमत रही कि टक्कर से यह ब्लॉक टूट गया और ट्रेन सुरक्षित गुजर गई। टूटे हुए ब्लॉक का वजन करीब 70 किलोग्राम बताया जा रहा है। करीब एक किलोमीटर दूर ट्रैक के किनारे दूसरा सीमेंट ब्लॉक भी बरामद हुआ है। इस मामले में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन (डीएफसीसी) कर्मचारी रवि बुंदेला और विश्वजीत दास ने एफआईआर दर्ज करवाई है। अजमेर के मंगालियावास पुलिस थाने में रेलवे ऐक्ट और प्रिवेंशन ऑफ डेमेज को पब्लिक प्रॉपर्टी ऐक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।एफआईआर के मुताबिक 8 सितंबर की रात 10¬36 बजे सूचना मिली कि ट्रैक पर सीमेंट का ब्लॉक रखा हुआ है। मौके पर पहुंचे तो पाया कि वह टूट कर गिरा हुआ है।

# सीएम धामी ने चेताया बोले, आपराधिक तत्वों से सख्ती से निपटेगी उत्तराखंड सरकार



**देहरादून (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसांख्यिकीय परिवर्तन की समस्या के समाधान के लिए सभी एजेंसियों को आपसी समन्वय से काम करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उत्तराखंड अन्य प्रदेशों के अपराधियों की शरणस्थली न बने, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सीमावर्ती जिलों में सघन अभियान चलाने को निर्देशित किया था। धामी ने कहा है कि देवभूमि के शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने वाले आपराधिक तत्वों से सरकार सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि देवभूमि के लोग शांतिप्रिय हैं। यदि आपराधिक प्रवृत्ति के लोग आकर यहां की शांत वादियों में अशांति फैलाएंगे और कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास करेंगे तो इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को कहा कि ऐसे आपराधिक तत्वों को चिह्नित करने के लिए राज्य में वृहद सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इसमें कानून अपना काम करेगा। आपराधिक तत्वों से सख्ती से निपटने के निर्देश पुलिस प्रशासन को दिए गए हैं। बता दें कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से मतांतरण, लव जिहाद, डकैती जैसी घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने हाल में समीक्षा की थी। तब उन्होंने इन प्रकरणों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।अब मुख्यमंत्री ने फिर से कहा है कि राज्य में अपराध को लेकर सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। अपराधियों के मन में पुलिस का भय और आमजन में भरोसा बढ़ना चाहिए, इस दृष्टिकोण से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आपराधिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। किसी को भी राज्य के शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाडने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने उत्तराखंड को नशामुक्त प्रदेश बनाने और साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने को भी निर्देशित किया है।

# राहुल गांधी के बयान से साफ... आरक्षण-विरोधी हैं कांग्रेस

## –मायावती का आरोप अमेरिका में राहुल ने सच कह दिया

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की अध्यक्ष मायावती ने आरक्षण खत्म करने को लेकर टिप्पणी करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला कर कहा कि राहुल गांधी के इस बयान से स्पष्ट है कि उनकी पार्टी वर्षों से अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण खत्म करने की साजिश में गुपचुप तरीके से लगी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद कार्यक्रम में भारत में आरक्षण कब तक जारी रहेगा, इस पर राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब भारत में आरक्षण के लिहाज से निष्पक्षता होगी लेकिन अभी ऐसा नहीं है।




मायावती ने कहा, ''केन्द्र में लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी नीत सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लागू नहीं किया और ना ही देश में जातीय जनगणना होने दी। अब कांग्रेस (जातिवार जनगणना) आड़ में सत्ता में आने के सपने देख रही है। इनके इस नाटक से सचेत रहें जो भविष्य में कभी जातीय जनगणना नहीं करा पाएगी।

मायावती ने कहा, ''अब कांग्रेस के सर्वेसर्वा राहुल गांधी के इस नाटक से भी सतर्क रहें, जिसमें उन्होंने विदेश में कहा है कि भारत जब बेहतर स्थिति में होगा तब हम एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस वर्षों से इनके आरक्षण को खत्म करने के षड्यंत्र में लगी है। उन्होंने कहा, इन वर्गों के लोग कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दिए गए घातक बयान से सावधान रहें, क्योंकि यह पार्टी केंद्र की सत्ता में आते ही, अपने इस बयान की आड़ में इनका आरक्षण जरूर खत्म कर देगी। ये लोग संविधान व आरक्षण बचाने का नाटक करने वाली इस पार्टी से जरूर सजग रहें।

मायावती ने कहा, सचाई सिर्फ इतना हैं कि कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण-विरोधी सोच की रही है। केंद्र में कांग्रेस सरकार में जब आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया गया तब कांग्रेस पार्टी से इस वर्ग (एससी, एसटी, ओबीसी) के लोगों को इंसाफ नहीं मिल पाने की वजह से ही बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने कानून मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। लोग सावधान रहें। उन्होंने कहा, ''कुल मिलाकर, जब तक देश में जातिवाद जड़ से खत्म नहीं हो जाता है तब तक भारत की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद इन वर्गों के लोगों की सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक हालत बेहतर होने वाली नहीं है। इसलिए जातिवाद के समूल नष्ट होने तक आरक्षण की सही संवैधानिक व्यवस्था जारी रहना जरूरी।

# वक्फ संशोधन बिल पर जहर उगल रहा भगौड़ा जाकिर....50 लाख मुसलमान साथ आए

नई दिल्ली ।वक्फ संशोधन बिल पर छिड़ी जंग में अब कट्टरपंथी जाकिर नाइक की भी एंट्री हो गई है। भगौड़ा जाकिर जहर उगल रहा है। जाकिर कह रहा है कि वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ एकजुट हो जाओ। वक्फ बोर्ड की संपत्तियों की हिफाजत करो। मुसलमानों की भावी पीढ़ियों के लिए लड़ने का आह्वान जाकिर नाइक की ओर से हो रहा है। जाकिर ने कहा है कि करीब 50 लाख मुसलमान एक साथ आ जाए और वक्फ संशोधन बिल के रिजेक्शन पर क्लिक करें। इसके लिए स्कैन अभियान भी शुरू कर दिया है। जितने लोग मुहिम में हिस्सा लेते हैं उनका मत संयुक्त संसदीय कमेटी तक पहुंचाया जाएगा। दरअसल, वक्फ बिल के खिलाफ इन दिनों कई मुस्लिम संगठन मुहिम चला रहे हैं। जाकिर इस मुहिम को हाईजैक कर खुद को मुसलमानों का असली रहनुमा साबित करना चाहता है। जाकिर कह रहा है कि करीब पचास लाख मुसलमानों को बिल के खिलाफ उसके अभियान से जुड़ना चाहिए। लेकिन इसके पीछे उसका असली मंसूबा 50 लाख मुसलमानों को उसके जहरीले एजेंडे से जोड़ना हो सकता है। मलेशिया में रहकर जाकिर भारत के खिलाफ कट्टरपंथी एजेंडा चलाता है। नफरत फैलाने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के बीच 2016 में भारत से भाग गया था। इस्लामिक उपदेशक को पिछली महाथिर मोहम्मद सरकार द्वारा मलेशिया में स्थायी निवास की अनुमति दी गई थी, जिससे भारत को काफी निराशा हुई थी। नाइक को कई बार अनवर इब्राहिम के साथ देखा गया है। इसके बाद अनवर इब्राहिम के इस दौरे पर जाकिर नाइक के वापसी की मांग उठने लगी है। जहां तक वक्फ बोर्ड बिल के विरोध का सवाल है, तब असदद्दीन ओवैसी जैसे नेता पहले से अभियान चला रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली में बैठकर वक्फ बोर्ड पर कानून बनाएंगे। अब वक्फ को कोई एक्शन लेना है, तब पीएम नरेंद्र मोदी से पूछना पड़ेगा।

# कश्मीर पर सुशील शिंदे के डर वाले बयान पर बीजेपी हमलावर, कहा- मोदी राज में बदले हालात

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने कहा कि पद पर रहते हुए उन्हें कश्मीर में बाहर निकलने से डर लगता था। उनके संस्मरण 'फाइव डिकेड्स ऑफ पॉलिटिक्स' के लॉन्च पर की गई उनकी टिप्पणी के एक दिन बाद, भाजपा ने कांग्रेस का मजाक उड़ाया और कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से लोकतंत्र मजबूत हुआ है। दिल्ली में अपने संस्मरण के विमोचन पर शिंदे ने कहा कि गृह मंत्री बनने से पहले मैं उनसे (शिक्षाविद विजय धर) मिलने गया था। मैं उनसे सलाह मांगता था। उन्होंने मुझे सलाह दी कि मैं इधर-उधर न घूमूं बल्कि लाल चौक जाऊं।' श्रीनगर में लोगों से मिलें और डल झील के आसपास जाएं। उस सलाह से मुझे प्रचार मिला और लोगों ने सोचा कि यहां एक गृह मंत्री है जो बिना किसी डर के वहां जाता है, लेकिन एक पूर्व पुलिसकर्मी इस तरह से बात नहीं कर सकता।

सुशील कुमार शिंदे ने प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-द्वितीय सरकार के दौरान अगस्त 2012 से मई 2014 तक केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में कार्य किया। शिंदे की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि अंतर स्पष्ट है। कांग्रेस शासन¬गृह मंत्री कश्मीर में बाहर निकलने से डरते थे। मोदी युग¬2-3 करोड़ पर्यटक सालाना जम्मू-कश्मीर का दौरा कर रहे हैं। अनुच्छेद 370 ने लोकतंत्र को मजबूत किया है, भ्रष्ट राजनीतिक वंशवादी परिवारों का प्रभाव कम किया है और कश्मीरियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कांग्रेस के राज में, देश के गृह मंत्री भी कश्मीर जाने से डरते थे। लेकिन अब, पीएम मोदी के नेतृत्व में, राष्ट्र की सुरक्षा इतनी मजबूत है कि 'विपक्ष के नेता' भी कश्मीर में, बिना किसी भय के, बर्फ से खेलते हैं।



## आदिवासियों ने सरकार की नीतियों से क्षुब्ध होकर किया प्रदर्शन,राष्ट्रपति के नाम जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन।

संस्कार उजाला
**अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**



**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में आदिवासी आजादी मोर्चा के बैनर तले दर्जनों की संख्या में पहुंचे आदिवासियों ने सरकार की नीतियों से क्षुब्ध होकर प्रदर्शन किया। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में आदिवासियों के साथ हो रहे दोहन को लेकर आदिवासियों के एक समूह ने राष्ट्रपति के नामित एक ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र को सौंपा। इस दौरान आदिवासियों ने कहा कि कभी हमलोग नक्सली लोगों से प्रभावित थे। अब जंगली पहाड़ी अत्यन्त दुर्गम तथा पिछड़े इलाके में स्थानीय प्रशासन, शासन एवं सरकारी प्राधिकरणों द्वारा उपेक्षित तथा वन विभाग और पुलिस उत्पीड़न से त्रस्त हैं, जो आए दिनों हम आदिवासियों जनजातियों को हमारी गरीबी एवं अशिक्षा का लाभ उठाते हुए भू-माफियाओं तथा सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों के उत्पीडन, शोषण व दोहन का शिकार बन चुके है। आदिवासी समाज का दोहन बंद हो और हमारे लिए वनाधिकार कानून के तहत काश्त भूमि का पट्टा दिए जाने की मांग प्रदर्शन के दौरान किया गया। इस दौरान रामजतन खरवार ने कहा कई पुश्तों से हमलोग खेती करते आये है। लेकिन हमारी जोत कोड से हमे बेदखल किया जा रहा है। इस वजह से हमलोग मुख्यमंत्री को नामित प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को सौंपने आये है। हम निवेदन करते है कि हमे जोत कोड से बेदखल न किया जाये और वनाधिकार के तहत पट्टा दिया जाये। ग्राम वन समिति के अध्यक्षों द्वारा सर्वे करके फाइल पर सिग्नेचर कराकर पट्टे को फाइनल कर दिया गया है। लेकिन इस फाइल को वन विभाग नहीं मानता हम निवेदन कर रहे है कि मौके पर चलकर हमारे जोत कोड़ को देख कर निरक्षण कर ले अगर हमलोग जायज है तो हमारा अधिकार हमको मिलना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान चंदन ने कहा नगवां ब्लॉक व सोनभद्र के पहाड़ी और जंगलों में आदिवासी वनवासी निवास करते है। शासन द्वारा आदिवासी समाज की अपेक्षा की जाती है। आदिवासियों को खेती करने से वन विभाग व अन्य विभाग बेदखल करने का काम कर रहे है। पैसों वाले लोगों को जंगल में पैसे लेकर बसाने का काम किया जा रहा है जबकि आदिवासियों को भगाने का कार्य किया जा रहा है। हर तरह से शौषण उत्पीड़न से हमलोग परेशान हो गए है। पुलिस विभाग और वन विभाग दोनों हमलोगों को परेशान और उत्पीड़न का कार्य करती है। इसलिए हमलोग जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आग्रह किया है कि हमारा उत्पीड़न शौषण और दोहन बंद किया जाये। हम वन क्षेत्र में रहते है और हमे वन क्षेत्र के घर बनाने के लड़की से लेकर पत्थर का उपयोग करने का अधिकार मिले। वन क्षेत्र में होने वाली उपज को बेचने का अधिकार मिले । वन क्षेत्र की जमीन का मालिकाना अधिकार मिले।

## अनियंत्रित होकर बाइक सवार ने खड़ी ट्रैक्टर में मारी जोरदार टक्कर मौके पर हुई दर्दनाक मौत।

संस्कार उजाला
**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**




**सोनभद्र ।** रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के खेखड़ा गांव में अनियंत्रित होकर बाइक सवार ने खड़ी ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओबरा थाना क्षेत्र खैरटिया गांव का निवासी प्रदीप कुमार चौहान (29) पुत्र राम अवध सिंह चौहान 3 भाइयों में सबसे छोटा था और वीडियो रिकॉर्डिंग का कार्य करता था। प्रदीप पन्नूगंज अपने निजी कार्य से गया था और वहां से अपनी बहन के ससुराल जा रहा था। जैसे ही रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के खेखड़ा गांव के पास पहुंचा ही था कि बाइक अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रैक्टर में जा टकराई। जोरदार टक्कर की वजह से प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय हुई जोरदार आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मृतक के आधार कार्ड से मृतक की पहचान हुई। जिसके बाद पुलिस और परिजनों को घटना की बाबत जानकारी दी गई। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को जिला अस्पताल लोढ़ी भेज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

## अपर पुलिस महानिदेशक पीटीएस उन्नाव श्री नवनीत सिकेरा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन का किया गया निरीक्षण ।

संस्कार उजाला
**विशेष संवाददाता मनोज पाठक इटावा**



आज दिनांक 10.09.2024 को अपर पुलिस महानिदेशक पीटीएस उन्नाव श्री नवनीत सिकेरा द्वारा जनपद में आगमन कर रिजर्व पुलिस लाइन इटावा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के साथ पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया इस दौरान एडीजी महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में चल रहे मुख्य आरक्षी के प्रशिक्षण का जायजा लिया गया एवं क्लासरूम में जाकर उन्हें नये कानून से सम्बन्धित जानकारी दी गयी तदोपरान्त महोदय द्वारा ट्रेनिंग की व्यवस्थाओं को देखा गया जिसमें बैरक में रहने की व्यवस्थाओं एवं पुलिस लाइन स्थित भोजनालय में जाकर देखा गया एवं साफ–सफाई हेतु सभी को निर्देशित किया गया एवं आवश्यक सुधारों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्री सुबोध गौतम एवं अन्य अधि0/कर्म0 गण उपस्थित रहे ।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बैंकों/वित्तीय संस्थानों का किया गया निरीक्षण ।

संस्कार उजाला
**विशेष संवाददाता मनोज पाठक इटावा**





दिनांक 10.09.2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने बाले बैंकों में पहुंचकर चेकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान बैंक के बाहर एवं अंदर आने–जाने एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य सुरक्षा उपायों की पूर्ति करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया, साथ ही बैंक एवं आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की उपस्थिति की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा गया।

## भरे मंच से दुग्गल ने नापा को बिना नाम लिए घेरा, लक्ष्मण बोले– मानहानि का करूंगा केस



रतिया । हरियाणा में रतिया से भाजपा प्रत्याशी सुनीता दुग्गल ने हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए रतिया विधायक लक्ष्मण नापा पर तीखी टिप्पणी की है। दुग्गल ने लक्ष्मण नापा का बिना नाम लिए शराब पीने और जुआ खेलने का आरोप है। सुनीता दुग्गल ने सीएम सैनी की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल किया। सुनीता ने कहा 'अगर आप मुझे विधायक बनाओगे तो आप ऐसा कभी नहीं सुनोगे। आप यह कभी नहीं सुनोगे कि आपका विधायक कहीं शराब पी रहा है, कहीं जुआ खेल रहा है, कहीं सट्टा खेल रहा है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कि मैं रतिया विधानसभा को हरियाणा में नंबर वन बनाने के लिए दिन रात मेहनत करूंगी। अगर मैं ऐसा नहीं कर पाई तो मेरा नाम सुनीता दुग्गल नहीं है।' सुनीता दुग्गल के बयान के बाद विधायक लक्ष्मण नापा ने समर्थकों की बैठक बुलाई। विधायक ने कहा कि वे कोर्ट में सुनीता दुग्गल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर रहे हैं। इसके साथ ही सुनीता दुग्गल के खिलाफ थाने में शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया जाएगा। नापा ने कहा कि उन्होंने 5 साल से विधायक के तौर पर काम किया हैं और रतिया हलके में करीब 1000 करोड़ के विकास कार्य करवाए हैं, लेकिन सुनीता दुग्गल द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों को वे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## 44 साल से भाजपा में रहे कृष्ण आप में शामिल, थानेसर से लड़ेंगे चुनाव



कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र में पिछले करीब 44 साल से भाजपा से जुड़े रहे वरिष्ठ नेता कृष्ण बजाज ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। वे दिल्ली में जाकर प्रदेशाध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता की मौजूदगी में आप में शामिल हुए। डॉ सुशील गुप्ता ने उन्हें पूरा मान सम्मान दिए जाने का भरोसा दिया है। वे आप के थानेसर से प्रत्याशी हैं। बता दें कि कृष्ण बजाज भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं। वे यहां थानेसर से भाजपा की ओर से चुनाव भी लड़ चुके हैं। इस बार भी उन्हें टिकट की उम्मीद थी लेकिन भाजपा ने वर्तमान विधायक एवं राज्यमंत्री सुभाष सुधा पर ही तीसरी बार भी भरोसा जताया है। कृष्ण बजाज ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का भी ऐलान कर दिया था।

## बडकल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता ने कोषाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा, बताया ये कारण

फरीदाबाद। बडकल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता राजन मुथरेजा ने भाजपा कोषाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। वह अब भाजपा में सक्रिय रूप से कार्य नहीं करेंगे। बता दें कि राजन ने अपने इस्तीफे में लिखा मैं राजन मुथरेजा जिला कोषाध्यक्ष भाजपा फरीदाबाद अपने पद से इस्तीफा देता हूं। मैंने अपने पिछले 10 साल अपनी ईमानदारी और समर्पण से भारतीय जनता पार्टी व बड़खल की जनता को समर्पित किए हैं। मैंने अपने परिवार को भी इतना समय नहीं दिया, हमेशा पार्टी की विचारधारा पर काम किया हैं और उसको मजबूत करने का काम किया है। पार्टी मे चार साल कोषाध्यक्ष, चार साल जिला भाजपा अध्यक्ष व्यावसायिक प्रकोष्ठ व अन्य अनेक जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वाहन किया है। मुझे अपनी बिरादरी व स्थानीय लोगों के बीच मे रहने के लिए अधिक समय चाहिए मैं पार्टी का साधारण कार्यकर्ता बनकर जनता की सेवा करूँगा। कृपया करके इसे स्वीकार करे। गौर रहे कि राजन के इस्तीफे के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। उन्हें बडकल विधानसभा से टिकट का प्रबल दावेदार माना जा रहा था।



## पूर्व गृह मंत्री अनिल विज आज भरेंगे नामांकन पत्र, बोले–विकास के मुद्दे पर लड़ने जा रहा हूं चुनाव

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज विधानसभा चुनाव के लिए आगामी 11 सितंबर को बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। विज आज प्रातः अंबाला छावनी में निकलसन रोड स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 11 सितंबर को प्रातः 11 बजे गांधी ग्राउंड में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहले एकत्रित होंगे जिसके उपरांत नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए एसडीएम आफिस जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। वहीं, पूर्व मंत्री ने कहा कि अम्बाला का चुनाव विकास के मुद्दे पर लड़ा जा रहा है, हमने जो विकास किया है वह हिंदुस्तान आजाद होने के बाद किसी पार्टी व नेता नहीं किया। विकास कार्यों का हमें भरपूर समर्थन मिल रहा है। काम किया है काम करेंगे यही हमारा मुद्दा है।



## बीजेपी की टिकट को लेकर आश्वस्त हैं देवेंद्र कादियान, कहा– गरीबी से उठ मेहनत कर यहां पहुंचे

गन्नौर । भारतीय जनता पार्टी अपनी दूसरी सूची आज जारी कर सकती है। टिकट को लेकर देवेंद्र कादियान पुरी तरह आश्वस्त है, लेकिन उससे पहले वह अपनी दावेदारी मजबूती के साथ पेश कर रहे है। देवेंद्र कादियान गांव भिगान में पहुंचे। ग्रामीणों ने पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान देवेन्द्र कादियान में कहा कि वह एक किसान के बेटे है और गरीबी से उठ मेहनत कर यहां तक पहुंचे है। उन्होंने फुटपात पर सब्जी बेचने से लेकर ढाबे तक पहुंचे और आज मेहनत के दम पर मन्नत ग्रुप खड़ा किया। वहीं बीजेपी एक ऐसी पार्टी है जो प्रत्याशी बनाने से पहले देखते है कि वह पार्टी के प्रति लॉयल है या नहीं और जिताऊ भी है या नहीं। टिकट को लेकर कहा कि जब तक टीवी पर उनका नाम नहीं आता, उनके माता–पिता भी टिकट फाइनल नहीं मान रहे, लेकिन उनकी नेताओं से बात होती है टिकट उनकी है।



# डबवाली बनी हॉट सीट, देवीलाल परिवार के 3 सदस्य उतरे एक-दूसरे के खिलाफ, दोनों चाचाओं और भतीजे के बीच देखने को मिलेगा मुकाबला

**सिरसा ।** हरियाणा के सिरसा जिले की डबवाली विधानसभा सीट पर चौटाला परिवार के दो चाचाओं और एक भतीजे के बीच दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। यहां से कांग्रेस ने अमित सिहाग को मैदान में उतारा है। वहीं इनेलो ने आदित्य देवीलाल को उनके भतीजे व जजपा उम्मीदवार दिग्विजय चौटाला के खिलाफ डबवाली से खड़ा किया है। आदित्य देवीलाल पूर्व उप प्रधानमंत्री और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री देवीलाल के पोते हैं। चौटाला गांव में अमित सिहाग देवीलाल के वंश से हैं।

सिहाग के पिता रिश्ते में अजय और अभय चौटाला के चाचा हैं। बता दें कि अमित सिहाग चौटाला गांव में देवीलाल के वंश से ही ताल्लुक रखते हैं। रिश्ते में दिग्विजय चौटाला भी देवीलाल के परपोते लगते हैं। 15 हजार के अंतर से हराया आदित्य के पिता जगदीश चौटाला चौधरी देवीलाल के छोटे बेटें हैं। आदित्य चौटाला रविवार को भाजपा छोड़कर इनेलो में शामिल हो चुके हैं। वह भाजपा में सिरसा जिलाध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एच. एस.ए.एम.बी.) के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में आदित्य (तब भाजपा में) को कांग्रेस के अमित रिहाग ने करीब 15 हजार मतें के अंतर से हराया था। अगस्त, 2020 में आदित्य को भाजपा की सिरसा जिला इकाई का अध्यक्ष बनाया गया। आदित्य ने डबवाली से भाजपा उम्मीदवार की घोषणा का इंतजार किए बिना भाजपा का दामन छोड़ दिया है। वह इस बात से नाराज थे कि भाजपा ने 4 सितंबर को जारी 67 उम्मीदवारों की पहली सूची में उनके नाम की घोषणा नहीं की थी।

### कांता चौटाला को हराया

ऐलनाबाद के विधायक और वरिष्ठ इनैलो नेता अभय चौटाला की मौजूदगी में आदित्य इनेलो में शामिल हो गए। शामिल होने के तुरंत बाद अभय चौटाला ने डबवाली से उनकी उम्मीदवारी का ऐलान कर दिया।दिलचस्प बात है कि 47 वर्षीय आदित्य ने वर्ष 2016 में जिला परिषद चुनाव में अभय चौटाला की पत्नी कांता चौटाला को हराया था। अभय चौटाला ने कहा कि डबवाली विधानसभा सीट पर जीत सुनिश्चित हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि इसके अलावा सिरसा की सभी 5 सीटों पर इनेलो बसपा के उम्मीदवार जीतेंगे।

### अजय चौटाला कर चुके हैं डबवाली का प्रतिनिधित्व

डबवाली सीट का प्रतिनिधित्व वर्ष 2009 में दिग्विजय चौटाला के पिता अजय सिंह चौटाला और वर्ष 2014 में उनकी मां नैना चौटाला ने इनेलो विधायक के रूप में किया था। बाद में, इनेलो में विभाजन के बाद अजय सिंह ने दिसंबर 2018 में अपना खुद का संगठन जजपा बनाया। बता दें कि पंजाब-हरियाणा सीमा पर स्थित डबवाली सीट पर सिख मतदाताओं की अच्छी- खासी मौजूदगी है। इसे चौटाला परिवार का गढ़ माना जाता है। डबवाली विधानसभा सीट में ही चौटाला गांव भी आता है।



### 13 में से 7 बार इनैलो तो 5 बार कांग्रेस जीती

पिछले चुनाव रिकॉर्ड से पता चलता है कि वर्ष 1967 के बाद से हुए फुल 13 विधानसभा चुनावों में डबवाली सीट से ज्यादातर इनैलो या पूर्ववर्ती समता पार्टी/लोकदल के उम्मीदवार चुने गए थे। अब तक हुए 13 विधानसभा चुनावों में, इनैलो 7 वार, कांग्रेस 5 बार और 1 वार निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। डबवाली विधानसभा सीट पर करीब दो लाख मतदाता हैं।

## गोलागढ़ में पहुंची राज्यसभा सांसद किरण हुईं भावुक, छलके आंसू, जेठ और भतीजे पर लगाए गंभीर आरोप



**भिवानी ।** स्व. बंसीलाल के पैतृक गांव गोलागढ़ पहुंची राज्यसभा सांसद किरण चौधरी सोमवार को जब ग्रामीणों से रू-ब-रू हुई तो उनकी आंखों से आंसू छलकने लगे पड़े। उन्होंने तोशाम हलके से कांग्रेस प्रत्याशी अपने भतीजे अनिरुद्ध चौधरी और जेठ रणबीर महेंद्रा पर कई आरोप लगाते हुए कहा कि इन दोनों ने पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल व उनके बेटे पूर्व कृषि मंत्री स्व. सुरेन्द्र सिंह की सारी संपत्ति हड़प ली।

किरण ने कहा कि आज अपने चाचा की फोटो लगाकर लोगों को बहकाने वाले इसी अनिरुद्ध ने दिल्ली में वकालत करते समय उसके पति सुरेन्द्र सिंह की मौत पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई थी। जब पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल का देहांत हुआ तो पार्थिव शरीर को इन्हीं लोगों ने ए.आई.सी.सी. में नहीं रखने दिया। एक टूटी सी टाटा गाड़ी में उनको लाया और अंतिम संस्कार करवा दिया। बंसीलाल का दाह संस्कार जल्दी करने का प्रयास किया गया ताकि हम दोनों मां-बेटी विदेश से कहीं पहुंच न जाएं। मगर पंडित ने सूर्य ग्रहण होने की बात पर इनको रोका। तब जाकर हम दोनों उनके आखिरी दर्शन कर पाए।

उन्होंने कहा कि ये लोग किसी के नहीं हैं। इन्होंने तो गोलागढ़ समाधि स्थल से बंसीलाल के भाई महाबीर सिंह की राख तक बाहर डलवा दी। सुरेन्द्र सिंह के निधन के बाद श्रुति का ताऊ अगर श्रुति को बेटी मानता तो मुझे यहां आने की जरूरत नहीं थी। मैं तो दिल्ली की राजनीति कर रही थी। मगर बंसीलाल दूरगामी सोच के व्यक्ति थे। उन्होंने अपनी विरासत की पगड़ी श्रुति के सिर पर रखी और मुझे यहां इसको कामयाब बनाने की जिम्मेदारी दी। किरण ने कहा कि महेंद्रा ने अपनी बेटी की शादी पर बंसीलाल को कन्यादान तक नहीं करने दिया। ये इससे ज्यादा और क्या करेंगे।

## 'जो राम को लाए हैं...' गाने वाले कन्हैया मित्तल का कांग्रेस में जाने से इनकार, बताया ये बड़ा कारण




**नई दिल्ली।** 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे' गाना गाने वाले गायक कन्हैया मित्तल ने चौंकाने वाला ऐलान किया है। वह कांग्रेस पार्टी में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व मुझे बहुत प्यार करता है। सभी सनातनी भाई-बहन भी मुझे बहुत प्यार करते हैं।

पिछले दो दिनों से सभी लोग परेशान हैं इसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं और जो मैंने अपने मन की बात कही कांग्रेस ज्वाइन करने की उसे वापस लेता हूं ,क्योंकि मैं नहीं चाहता कि किसी सनातनी का भरोसा टूटे अगर आज मैं टूट जाऊंगा तो कल पता नहीं कितने लोग टूट जाएंगे । हम सब मिलकर राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे एक बार फिर से मैं माफी मांगता हूं।

अपना ही अपने ही होते हैं । जब कोई अपना गलती करता है मुझे लगा कि मेरे मन की बात गलत है मैंने अपने फैसले को वापस ले लिया है। आप सब मुझे इसी तरीके से प्यार करें मुझसे जुड़े रहें पर सभी देश की सेवा करते रहें मैं एक बार फिर से बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं।

गौर रहे कि कन्हैया मित्तल वही गायक हैं, जिन्होंने 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले %जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे% गाना गाया था। यह गाना काफी फेमस हुआ था। मित्तल अक्सर भाजपा के कार्यक्रमों में नजर आते थे। एक निजी चैनल में कन्हैया मित्तल ने कहा कि मैंने भाजपा से कभी टिकट की उम्मीद नहीं की। हम सभी जगह काम कर सकते हैं। मैं कांग्रेस में शामिल हो रहा हूं। अभी तारीख और समय तय नहीं है। मैं लोगों से अपील करना चाहूंगा कि एक दल को सनातन का प्रतीक न समझें, सनातन हर जगह है।

## मनोहर लाल के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर नामांकन करने पहुंचे सीएम सैनी, बोले- हार की तरफ बढ़ रही कांग्रेस



**कुरुक्षेत्र।** लाडवा विधानसभा से नामांकन दाखिल करने के बाद केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में भाजपा के तमाम प्रत्याशी अपना नामांकन नामांकन दाखिल किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपना लाडवा विधानसभा से आज नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने दावा किया कि तीसरी बार भाजपा की सरकार हरियाणा प्रदेश में आएगी क्योंकि कांग्रेस हार की तरफ बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिससे भी गठबंधन का हाथ बढ़ाती है, वही पार्टी उन्हें नकार देती है। पिहोवा विधानसभा के कैंडिडेट कंवलजीत अजराणा द्वारा टिकट वापस करने और चुनाव न लड़ने पर कहा कि उन्होंने कोई अपना व्यक्तिगत कारण बताया है और जल्दी वहां पर हम अपना दूसरा प्रत्याशी भी खड़ा कर देंगे।उन्होंने तंज कसा कि कांग्रेस की दुकान खाली पड़ी है इनका किसी से कोई गठबंधन नहीं होना है।

खुले मंच पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की थी की तीसरी बार हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे, अगले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही होंगे। दूसरी पार्टी से आने वाले लोगों की भाजपा में शामिल होने के लिए लाइन लगी हुई है। मनोहर लाल ने कहा कि कुमारी सैलजा भी शाम तक कुछ गुल खिला सकती हैं।

नामांकन दाखिल करने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पूरे लाडवा ने आज आशीर्वाद दिया है। यह तो तय है हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है, इसी कड़ी को बढ़ाने के लिए 14 तारीख को देश के प्रधानमंत्री कुरुक्षेत्र आ रहे हैं।

## कांग्रेस एमपी दीपेंद्र हुड्डा बोले– बजरंग पूनिया को धमकी मिलना गंभीर मामला...बीजेपी पर भी जमकर साधा निशाना



रोहतक। रोहतक से लोकसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। दीपेंद्र हुड्डा का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल में अपराध और क्राइम रेट में हरियाणा नंबर वन बन गया है। ओलंपियन पहलवान बजरंग पूनिया को धमकी आना बेहद गंभीर मामला है। बजरंग को मिली इस धमकी के मामले की सरकार को पूरी जांच करवानी चाहिए। दीपेंद्र हुड्डा बादली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार कुलदीप वत्स का नॉमिनेशन फॉर्म भरवाने पहुंचे थे। यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए दीपेंद्र हुड्डा प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमलावर दिखाई दिए। दीपेंद्र हुड्डा का कहना है कि इस बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। प्रचंड बहुमत के साथ प्रदेश में भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनेगी। क्योंकि भाजपा के कुशासन से प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप वत्स समर्थकों की भारी भीड़ के साथ अपना चुनावी नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दीपेंद्र हुड्डा उनके आदर्श हैं और वे चाहते हैं कि दीपेंद्र हुड्डा प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा कि इस भाजपा सरकार में प्रदेश का हर वर्ग परेशान है और इस सरकार से छुटकारा चाहता है। इसलिए प्रदेश में अबकी बार कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इस मौके पर बेरी से कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर रघुवीर सिंह कादयान भी मौजूद रहे।

## राम रहीम की बढ़ी मुश्किलें, अब इस मामले में जारी हुआ सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, 4 सप्ताह में मांगा जवाब

**सिरसा।** सिरसा के डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को साल 2002 में पूर्व प्रबंधक रणजीत सिंह की हत्या के मामले बारी होने पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश की जांच करने की सहमति दे दी, जिसमें राम रहीम और 4 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया गया था।

बता दें कि इस हत्या के मामले में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। इसके बाद अब जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मामले में राम रहीम और अन्य आरोपियों को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब देने के लिए कहा है।

दरअसल, यह याचिका जगसीर सिंह ने एडवोकेट सत्य मित्रा के माध्यम से दायर की थी और इस याचिका में 28 मई, 2024 को जारी आदेश को चुनौती दी गई है और इस केस कि फिर से जांच करने के मांग की गई है। रणजीत सिंह के हत्या के मामले में राम रहीम को अपने सह-आरोपियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रचने का दोषी पाया गया था। सीबीआई की चार्जशीट के अनुसार, डेरा प्रमुख का मानना था कि गुमनाम पत्र के प्रसार के पीछे रणजीत सिंह का हाथ था।

इसके बाद उसने उसकी हत्या की साजिश रची और उसे अपने साथियों के साथ मिलकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं, साल 2017 में राम रहीम को 2 महिला शिष्य से बलात्कार के लिए 20 साल की सजा सुनाई गई थी। इसके साथ ही डेरा प्रमुख और 3 अन्य आरोपियों को 16 साल पहले एक पत्रकार की हत्या के लिए 2019 में भी दोषी करार दिया गया था।



## पिहोवा से भाजपा उम्मीदवार ने लौटाई टिकट, विरोध के चलते लिया बड़ा फैसला

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और सभी पार्टियां अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं अब बीजेपी प्रत्याशी ने कवलजीत सिंह अजराना ने अपनी टिकट लौटा दी है। उन्होंने यह फैसला विरोध के चलते लिया। बता दें कि बीजेपी ने उन्हें पिहोवा से मैदान में उतारा था।

पिहोवा से भाजपा प्रत्याशी कंवलजीत अजराना ने दुखी होकर चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया। कुरुक्षेत्र में अपने आवास पर पत्रकार वार्ता कर अजराना ने चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की। अजराना ने बताया कि टिकट मिलने से पहले सभी साथी टिकट लाने वाले साथी का साथ देने की बात कहते थे, लेकिन अब टिकट मिलने के बाद से उनके सिख समाज के लोग भी विरोध करने में लग गए। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में हुए सिख सम्मेलन में भी बड़ी-बड़ी बातें कही गई। अजराना ने कहा कि उन्होंने सिख समाज के लिए 30 साल दिए, लेकिन अब उनके सिख समाज के ही कुछ लोग उनको टिकट मिलने का विरोध कर रहे हैं। इसीलिए उन्होंने हाईकमान के सामने टिकट वापस करने की बात कही है।

हालांकि उन्होंने कहा कि किसी भी नेता को पार्टी की टिकट मिलना बहुत बड़ी बात होती है। इसके लिए वह सौभाग्यशाली है, क्योंकि पार्टी ने उन्हें टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा था, लेकिन अपने साथियों का सम्मान करते हुए टिकट वापस करने का फैसला लिया है, क्योंकि जब भाई ही खिलाफत करते है तो उन हालात में वह चुनाव नहीं लड़ सकते। इससे पहले सभी से बात कर उन्हें मनाने की कोशिश भी की थी, लेकिन जब वह नहीं माने तो अंत में यह फैसला लेना पड़ा। कंवलजीत अजराना ने 11 सितंबर को अपना नामांकन दाखिल करना था। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से जिस भी व्यक्ति को उनके स्थान पर टिकट दी जाएगी, वह उसका पूरी तरह से साथ देंगे।



